e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 314

रविवार
19.11.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !

ताजा खबरों के लिए देखें

सूचना

प्रभात मंत्र के सभी पाठकों, शुभचिंतकों, हॉकरो व विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि छठ महापर्व के शुभ अवसर पर प्रभात मंत्र कार्यालय में दिनांक 19 नवंबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 21 नवंबर को प्रकाशित किया जायेगा।

व्यवस्थापक

शुभकामना

प्रभात मंत्र परिवार की ओर सभी पाठकों, शुभचिंतकों, हॉकरों व विज्ञापनदाताओं को आस्था का महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं।

क्विक न्यूज

बिहार के सीतामढ़ी में संदिग्ध हालात में पांच की मौत, एक की पुष्टि

पटना : बिहार में सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबू नरहर, नरहा कला गांव और सोलमन टोल के रहने वाले पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। पुलिस ने एक व्यक्ति के मौत की पुष्टि की है। इस मामले में चौकीदार और संबंधित पुलिस पदाधिकारी को सस्पेंड किया गया है। मृतकों में सोलमन टोला के विक्रम, राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार, संतोष महतो, नरहा कला के महेश यादव और अवधेश यादव हैं। इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। हालांकि, मृतकों के परिजनों की ओर से किसी तरह का बयान नहीं आया है। पुपरी डीएसपी विनोद कुमार ने शराब पीने से एक व्यक्ति के मौत की पुष्टि की है जबकि एक व्यक्ति की स्थिति बेहद गंभीर होने की बात कही गई है।

डीपफेक मुद्दा : सोशल मीडिया मंचों पर सरकार कसेगी नकेल

नई दिल्ली : केन्द्र सरकार डीपफेक (वीडियो में किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर को डिजिटल रूप से बदलने को डीपफेक कहते हैं) मुद्दे को लेकर गंभीर हैं। इसको लेकर केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया मंचों को सावधानी बरतने को कहा है। इस संबंध में शनिवार को केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जल्द ही डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया मंचों से चर्चा करने जा रही है। जो सोशल मीडिया मंच इस संबंध में पर्याप्त कदम नहीं उठाएंगे, उन्हें आईटी अधिनियम के सेफ हार्बर प्रतिरक्षा खंड के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा। वैष्णव ने कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। उन्होंने कहा कि अब सोशल मीडिया मंचों को डीपफेक के मुद्दों कों गंभीरता से लेना होगा। वैष्णव ने कहा कि अगले 3-4 दिनों में वह सभी सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मुद्दे पर संवाद करेंगे। इस दौरान सुनिश्चित करेंगे कि मंच इसे (डीपफेक) रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास करें और अपने तंत्र को ठीक करें।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 23°

छठ महापर्व - छठ व्रतियों ने नदी घाटों पर जाकर दिया अर्घ्य, संपन्न हुआ खरना, 36 घंटे का उपवास शुरू

अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन व्रतियों ने छठ घाटों पर जाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया व खरना किया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। इस दौरान खरना का प्रसाद खाने के लिए व्रतियों के यहां काफी भीड़ देखी गई। आज रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को छठ व्रती अर्घ्य देंगे। इस दौरान विभिन्न नदी घाटों में प्रशासन और कई संगठनों द्वारा गंगा आरती और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। सोमवार को उदीयमान भगवान भास्कर के अर्घ्य के साथ छठ पूजा का समापन होगा। छह महापर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। उत्साह का आलम यह है कि छठ गीतों की धूम चारों तरफ सुनाई दे रही है। छठ गीतों से समूचा वातावरण गुंजायमान हो रहा है।।अब छठ पर्व न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी विख्यात है। यही कारण है कि विदेशी नागरिकों की भी इस पर्व की ओर दिलचस्पी बढ़ती जा रही है।

ड्रोन से छठ घाटों की होगी निगरानी, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम: छठ महापर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के लिए 1200 जवानों को अलग से घाटों पर तैनात किया गया है।एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष नजर रखने को कहा गया है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों एवं बोट को भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया गया है। साथ ही ड्रोन से सभी प्रमुख छठ घाटों की निगरानी की जायेगी। सादे लिबास में महिला और पुरुष बल की तैनाती की गयी है।

* उदीयमान भगवान सूर्य को कल दिया जाएगा अर्घ्य

विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना छठ पूजा

साहिबगंज - साहिबगंज जिले के राजमहल में विदेशी पर्यटकों ने उत्तर वाहिनी के गंगा तट पर हो रही छठ पूजा की भव्य तैयारी को न सिर्फ देखा बल्कि इसके महत्व को भी समझा।उनके लिए ये सारी चीजें आकर्षण का केंद्र है। शनिवार की सुबह 15 विदेशी पर्यटक जल मार्ग होते हुए करूज के माध्यम से राजमहल पहुंचे। ये सभी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा एवं अमेरिका जैसे देशों से आए हैं। गंगा तट पर पहुंचने के बाद सभी ने छठ पूजा को लेकर हो रही तैयारियों की तस्वीरें ली और उनसे संबंधित जानकारियां प्राप्त की। कोलकाता टूरिस्ट एजेंसी के गाइड सुबेंदु घोष ने विदेशी पर्यटकों को चार दिवसीय मनाए जाने वाले छठ महापर्व से संबंधित सारी जानकारी दी।करूज से राजमहल उतारने के बाद ऑटो के माध्यम से सभी लोग मंगलहाट के लिए रवाना हुए। विदेशी पर्यटकों ने राजमहल के सिंघीदलान, मंगलहाट स्थित बारहदारी व जामा मस्जिद जैसे ऐतिहासिक पर्यटन स्थल का भ्रमण किया। झारखंड सहित सीमावर्ती इलाके के पश्चिम बंगाल एवं बिहार के पर्यटकों के अलावे विदेशी पर्यटक भी राजमहल के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल का दीदार करने पहुंचते हैं।

राष्ट्रपति ने दी छठ पूजा शुभकामनाएं

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं भेजी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है,छठ पूजा के शुभ अवसर पर मैं अपने सभी साथी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।उन्होंने कहा है कि छठ पूजा सूर्य देव की पूजा को समर्पित त्योहार है। यह नदियों, तालाबों और पानी के अन्य स्रोतों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अवसर है। प्रकृति से जुड़ा यह त्योहार आध्यात्मिक चेतना जगाता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत

* मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर जताया दुख



सुनील कु0 वर्मा @ प्रभात मंत्र

बिरनी (गिरिडीह) : शनिवार के अहले सुबह 3 बजे के करीब कोवाड कोडरमा मुख्य पथ पर मुफ्फसिल थाना एवं बिरनी थाना के सीमा पर स्थित सिंदवरिया पंचायत के बाघमारा गांव के पास बारात से लौट रही एक स्कॉर्पियो वाहन एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ड्राइवर समेत पांच लोगों की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान पीएमसीएच धनबाद में दम तोड दिया। जबकि दो बच्चों को मामूली चोटें आई है। जिन्हे इलाज के बाद घर भेज दिया गया। वहीं एक का इलाज चल रहा है। आपको बता दें कि बिरनी प्रखंड क्षेत्र के कुशमई पंचायत के थोरिया गाजोडीह निवासी फारूक अंसारी के पुत्र के निकाह में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टिकोडीह से निकाह में शरीक हो कर थौरिया लौट रहे एक स्कोर्पियो वाहन संख्या जेएच 10 ए डबल्यू 0970 अचानक सड़क के किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। साथ हीं उस में सवार आठ लोगों में से पांच लोगों की घटना स्थल पर हीं मौत हो गई। स्थानीय लोगों को खबर मिलते ही शवों एवं घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। इस बीच सूचना मिलते हीं बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह एवं मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा गया। एवं मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर को झपकी आ गया। जिसके कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा गई। मृतकों की पहचान मो यूसुफ मियां उम्र लगभग 70 वर्ष, इम्तियाज अंसारी उम्र 40 वर्ष, सुभान अंसारी उम्र 35 वर्ष, याकूब अंसारी उम्र 75 वर्ष ये सभी थौरिया गाजोडिह, आफताब आलम ग्राम लेबरा एवं सागिर अंसारी (ड्राइवर) ग्राम चरघरा समेत 6 की मौत हो गई।

हमारे बनाये कॉलेजों में पढ़कर भाजपा वाले हमें ही दे रहे गालियां : खड़गे

एजेंसी

भरतपुर/अलवर : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि गरीब और दलितों के लिए झूठा वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गिर्राज सिंह मलिंगा को टिकट दिया। वो एक तरफ गरीबों और दलितों की बात करते हैं और दूसरी तरफ दलितों को मारने और पीटने वालों को टिकट देने के लिए बुला लेते हैं। मोदी जी आपका क्या जा सकता था, यदि एक टिकट उसे नहीं देते तोड़ एक आदमी ऐसी विचारधारा का हो तो उसे जगह नहीं देनी चाहिए। यहां मारो और पीटो और जाकर भाजपा से टिकट लो। खड़गे शनिवार को भरतपुर के वैर और अलवर के तिजारा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। खड़गे ने कहा कि ये सभी लोग (भाजपा) मिलकर मारने और पीटने वालों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में जाओ, जहां एक आदिवासी बच्चे के मुंह में पेशाब कर दिया। वहां के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान पैर धोते हैं और कहते हैं मुझे माफ कर दो।

क्या ऐसा करने से पाप धुल जाता है, ये कलंक भाजपा के ऊपर से कभी नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि जिस गिर्राज सिंह मलिंगा का हमने टिकट काटा, मैं और राहुल गांधी मिलकर सोचे। एक आदमी एक कार्यकर्ता को इतना मारता है, उसकी जान जाने तक मारता है तो ऐसे आदमी को टिकट देना मंजूर नहीं। चाहे बेशक हार जाएं। एक आदमी दलित को पीट रहा है, ये देखा नहीं जाता। ये बात इसलिए कह रहा हूं। देश में जो गरीब लोगों को और जो कांग्रेस पार्टी के लोगों को चुन-चुनकर मारते हैं। उनको हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। सभा में भाजपा जिंदाबाद के नारे लगे तो खड़गे ने कहा कि भाजपा का कोई एजेंट आया है, इसे मत सुनो। उन्होंने कहा कि ये लोग हमें एडवाइज करते हैं। ये लोग गरीबों के लिए कुछ करते भी नहीं हैं। इस देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने मजबूत किया। इनके टाइम में एक भी बड़ा कारखाना नहीं बना। हमारे टाइम में बड़े-बड़े कारखाने, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कॉलेज बने।

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का शुभारंभ

एजेंसी

अजमेर : विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का शनिवार को प्रशासनिक स्तर पर ध्वजारोहण व रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरूआत हुई। मेला मैदान में सुबह नगाड़ा वादन के बीच तिरंगा लहराया गया। मेला मैदान में इस बार नवाचार करते हुए बग्गी पर संभागीय आयुक्त सीआर मीणा और जिला कलेक्टर भारती श्रीवास्तव मेला मैदान में पहुंचे। पंडित कैलाश नाथ दाधीच के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ झंडारोहण किया गया। इस दौरान सैंकड़ों स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शुभारंभ के अवसर पर मेला मैदान में काफी विदेशी पर्यटक मौजूद रहे। नगाड़ा वादक की थाप पर विदेशी पर्यटक झूम उठे। शाम को पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर भव्य दीपदान किया जाएगा।

पशु मेला अधिकारी डॉ नवीन परिहार ने बताया कि शनिवार को संभागीय आयुक्त सीआर मीणा ने राष्ट्रगान के साथ मेला मैदान में तिरंगा फहराकर मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला कलक्टर डॉ भारती दीक्षित, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, मेला मजिस्ट्रेट तारामती वैष्णव, एसडीएम सुखाराम पिंडेल समेत अनेक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मेले के शुभारंभ पर अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी ने अपने सहयोगी देशी-विदेशी कलाकारों की टीम के साथ नगाड़ा वादन की शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। विभिन्न स्कूलों की करीब दो सौ छात्राएं राजस्थानी गीत पर लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, रविवार, 19 नवंबर 2023 | पेज 2

महान क्लब द्वारा छठ व्रतियों के बीच दूध का वितरण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर बाजार मोहल्ला में महान क्लब द्वारा छठ व्रतियों के लिए दूध का वितरण किया गया।महान क्लब द्वारा शनिवार को वितरण करते मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पांडे,अध्यक्ष अमित सोनी ने छठ व्रतियों के लिए दूध का वितरण किया गया।मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा की छठ महापर्व हिंदुओ का आस्था का पर्व है इस पर्व में सभी को छठ व्रतियों का सराहनीय योगदान करना चाहिए। वहीं मौके पर भाजयुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पांडे ने कहा की ऐसा महान पर्व छठ में सहयोग करने से वैसे लोगो को भगवान का आशीर्वाद जरूर मिलता हैं, छठ महापर्व भगवान भास्कर का हिंदुओ के लिए महान पर्व माना जाता है। इस पर्व में सभी धर्म के लोगो को आगे आकर बढ़ चढ़कर छठ व्रतियों का सराहनीय योगदान करना चाहिए। वितरण करते उपस्थित चैनपुर वार्ड पार्षद विनोद कमलापुरी, अध्यक्ष हेमचंद प्रसाद, भाजयुमो किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास, राजेंद्र मालाकार, राजेंद्र आर्य, प्रीतम कुमार, दीपक गुप्ता, मिथिलेश प्रसाद, दिनेश कश्यप, दिलीप सोनी, राजू सोनी, रूपेश सोनी, अंकित कुमार, अमन मालाकार, अनमोल मालाकार, विनोद कमलापुरी सहित महान क्लब के सभी सदस्य गण व छठ व्रतियों मौजूद थें।

नगर उंटारी पुलिस के द्वारा किया गया छठ पूजन सामग्री का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के द्वारा स्टॉल लगाकर छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इधर नगर उंटारी थाना परिसर में स्टॉल लगाकर छठ पूजन सामग्री का वितरण थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने अपने हाथों से छठ व्रतियों को पूजन सामग्री एवं फलों का वितरण किया। नगर उंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन लोगों का सदैव सेवा करती रहती है। इसलिए इस लोक आस्था के त्योहार छठ महापर्व में भी हम लोगों के साथ हैं। हर गरीब -अमीर इस पर्व को आसानी से कर सके। उन्होंने छठ महापर्व का बधाई देते हुए लोगों से छठ महापर्व का पूजन सामग्री लेने का आग्रह किया। मौके पर उपस्थित समाजसेवी दिनेश प्रसाद ने कहा कि इससे पुलिस और पब्लिक के बीच नजदीकियां बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन के द्वारा यह एक अच्छा एवं पुण्यात्मक पहल है। प्रशासन के लोग एसआई मुकेश कुशवाहा, सोनू प्रसाद, श्रीकांत पांडे, मुँशी कौशल दुबे, चौकीदार कलाम अंसारी, विनय पासवान सहित प्रशासन के लोग मौजूद थे।

शिक्षक पर चावल बेचने का लगाया गया आरोप निराधार : मुखिया

पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तेंदुई के जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर बीते दिनों कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा एमडीएम का चावल बेचने का आरोप लगाया गया था। पूरे मामले की जानकारी लेते हुए तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी एवं उनके पति समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने लिखित रूप से बताया है कि यह मेरे पंचायत का मामला है मैंने विद्यालय में जाकर स्टॉक की पूरी जांच की है चावल का स्टॉक सही पाया गया है शिक्षक के द्वारा जो चावल बिक्री के लिए लाया गया था वह जन वितरण प्रणाली विक्रेता के द्वारा मिलने वाला कोटा का चावल था। प्रधानाध्यापक पर लगाए जा रहे हैं सारे आरोप निराधार हैं इस प्रकार के आरोप लगाने से शिक्षक की छवि खराब होती है। शिक्षा विभाग भी पूरे मामले की जांच करने के लिए स्वतंत्र हैं। मैंने अपने स्तर से जांच किया है एवं मैं उससे संतुष्ट हूं।

मनरेगा कार्य मे मजदूर की जगह जेसीबी से हो रहा काम

नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे मनरेगा कार्य मे हमेशा धांधली को लेकर चर्चा मे रहा है अति सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के वजह से आसानी तरीका से मशीन के द्वारा कार्य करके पैसा निकासी कर लिया जाता है। ऐसी मामला लालगाड़ा पंचायत से आया है आगे बताते चलें कि खाता नंबर 10 हल्का 11 से विनोद यादव और संगीता देवी नामक लाभुक की नाम से मेडबंदी और टीसीबी स्वीकृत हुई थी,स्वीकृत मनरेगा योजना रातो रात मशीन से काम करा कर मजदूर के द्वारा डिमांड के माध्यम से पैसा निकासी करने के लिए प्रयास जारी है। ऐसी मामला प्रकाश मे आने पर दूरभाषा के माध्यम तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री संजय कुमार यादव से पूछे जाने पर बताया कि अगर ऐसी हुई है तो तत्काल जांच कर आगे की करवाई करने की बात कहा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा कार्य मे कार्य करने वाले जेसीबी मशीन मालिक और सबंधित मनरेगा कर्मी के विरुद्ध कानूनी करवाई करने की बात कहा।

नन बैंकिंग कर्मी से 4 लाख 278 रुपए की हुई छीनतई मामला दर्ज

हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता): हुसैनाबाद के माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से बुधवार की रात अनुमंडल के आईआईटीआई के अनुमंडल मैदान के समीप अपराधियों ने 4 लाख 278 रुपए छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा पंचायत के पीपरडीह गांव निवासी सह कर्मी प्रेम कुमार चौधरी ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि हुसैनाबाद शहर के विभिन्न स्थानों से आरबीएल, बजाज, आईडीएफसी फाइनेंस कंपनी से चार लाख़ दो सौ अठत्तर रूपये अपने बैग में लेकर अपने बाइक से घर लौट रहें थे। इसी क्रम में दो लोग एक बाइक पर सवार होकर आए और पिछे से खींच दिया। जिससे हम नीचे गिर गए और गिरते ही पिस्टल दिखाकर बैग से भरा रुपया छीन कर फरार हो गए। उस बैग में रखे विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल भी था। पुलिस ने ममला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरन्नाथ धान ने बताया कि केस पंजीकृत कर मामले की अनुसंधान की जा रही हैं।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया

हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता): नगर पंचायत के अंतर्गत रविदास नगर आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में वार्ड संख्या 06 में 42 नन्हे मुन्ने बच्चों को वार्ड पार्षद अर्जुन प्रसाद साव एवं आंगनबाड़ी सेविका चन्द्रवती देवी की उपस्थिति में स्वेटर वितरण किया गया मौके पर वार्ड पार्षद अर्जुन प्रसाद साव ने कहा कि ठंड को देखते हुए दो वर्ष से लेकर छ वर्ष के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया मौके पर अभिवावक विनोद कुमार राम इस्लाम अंसारी प्रभु राम अभिमन्यु कुमार गुप्ता नागेन्द्र कुमार राम जितेन्द्र कुमार राम विनय कुमार राम संतोष राम राधिका देवी विजयंती देवी केवलपतीया देवी कौशल्या देवी राजमनी देवी मौसम देवी सविता देवी कमला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

धुरकी थाना प्रभारी ने थाना परिसर में छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामग्री का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर धुरकी थाना परिसर में स्टॉल लगाकर थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने छठ व्रतधारियों के बीच फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया।इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने व्रत धारियों को शुभकामना देते हुए उनसे आशीर्वाद की भी कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था और पवित्रता का संगम है। इस त्यौहार में गरीब, अमीर सभी लोग भेदभाव को छोड़कर पूरी श्रद्धा व निष्ठा के साथ भगवान भास्कर की पूजा आराधना करते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि चार दिनों का यह पर्व 36 घंटों का निर्जला उपवास रख छठ व्रती छठ पर्व करती है। यह पर्व महान पर्व है। छठव्रतियों की सेवा करना पुण्य का काम है। लोगों में पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के लोगों से व्रत धारियों को हर संभव सहयोग करने की अपील की। उन्होंने सभी धुरकी वासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। मौके पर पिएसआई बिपिन कुमार सहित थाना के सभी पुलिस बल के जवान ने सामग्री वितरण करने में सहयोग किया।

आस्था के महापर्व छठ पूजा पर बाजार हुआ गुलजार घर से लेकर घाट तक है चहल-पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह व उल्लास का वातावरण है। शुक्रवार को नहाए खाए के साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। प्रकृति को समर्पित इस पर्व की शुरुआत कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी के दिन शुक्रवार को नहाए खाए के साथ हुई। घरों से लेकर बाजारों तक छठ गीत वातावरण में गूंज रहे हैं। श्री बंशीधर नगर में छठ पूजा को लेकर शहर के बाजारों में थोक के बाद फुटकर बाजार भी सज कर तैयार हो गए हैं। सूप, दौरा, मिट्टी के बर्तन के साथ फलों की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। ऐसे में लोगों ने पहले से ही खरीदारी के साथ पर्व की तैयारी शुरू करती है।

पिछले साल के मुकाबले दाम सामान्य : पिछले साल की तुलना में इस बार दाम में कोई विशेष फर्क नहीं पड़ा है। इस बार सूप 100-150 रुपए पीस, बड़ा डलिया 150-200 तक बिक रहे हैं। वही, नारियल 40 रुपए प्रति पीस, केला 50 दर्जन, गन्ना 40-50 जोड़ा, सेव 100-150 रुपए प्रति किलो, संतरा 60-80 रुपए प्रति किलो, अनार 120 रुपए प्रति किलो, शरीफा 60 -80 रुपए प्रति किलो, नाशपाती 60 प्रति पीस, शकरकंद 40 किलो, सिंघाड़ा 50 प्रति किलो, मौसम्मी 60-70 प्रति किलो, सुथनी 60 किलो, बैर 70 प्रति किलो, अमरख 20 रुपए जोड़ा, हल्दी 10 प्रति पीस, मल्ली 40 प्रति किलो बिक रहे है। इस साल सामानों के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं हुआ है।

छठव्रतियों के बीच प्रसाद वितरण करते थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय

भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर भवनाथपुर के विभिन्न छठ घाटो पर छठ व्रतियों के लिए सभी सुविधाएं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी है। शनिवार को छठ घाट पर व्रतियों द्वारा शाम को स्नान के बाद घरों में मिट्टी के चुलहे पर नया अरवा चावल, गुड़ से प्रसाद बनाकर सुर्य भगवान को नमन कर प्रसाद ग्रहण किया। खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास के साथ छठ पूजा प्रारंभ हो गया। इसके पूर्व थाना में पहली बार छठव्रतियों के बीच पुजन सामग्री का वितरण थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने अपने सहयोगियों के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से समाजिक सौहार्द कायम होता है। साथ ही पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। थाना के अलावा बजारो में भी लोगों ने छठव्रतियों के बीच पुजन सामग्री वितरण किया।

सूर्य नारायण वन मुकुंदपुर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार : भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंपकर भवनाथपुर प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित प्रसिद्ध सूर्य नारायण वन स्थित सूर्य मंदिर परिसर एवं खेल के मैदान को वन पट्टा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही इसे पर्यटक स्थल के रूप में भी विकसित करने की मांग की है। सौंपे गये आवेदन में श्रीमती शर्मा ने कहा है कि यह परिसर आस्था से जुड़ा हुआ है। यहां प्रति वर्ष झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों सहित उत्तर प्रदेश,बिहार, ओडिसा एवं छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में श्रद्धालु छठ महापर्व करने आते हैं। यहां की ऐसी मान्यता है कि यहां छठ महापर्व करने वाले व्रतधारियां की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी इस परिसर का वन पट्टा उपलब्ध कराने हेतु एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई थी। उसके आलोक में पदाधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव भी तैयार किया है। परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जनहित में यह कार्य अतिआवश्यक है।

सरैया में विकास ने किया पूजा सामग्री का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरा : पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया मुखिया प्रियंका तिवारी के पति युवा समाजसेवी विकास तिवारी ने छठ पूजा के उपलक्ष पर पुरे पंचायत क्षेत्र में प्रसाद एवं पूजा सामग्री का वितरण किया. विकास ने कहा कि छठ पूजा के साथ हम सभी हिंदुओं की भावनाएं जुड़ी हुई रहती हैं। पुनपुन उद्गम स्थल कमेटी के सदस्य भी दिन-रात एक किए हुए हैं की सूर्य मंदिर पर छठ पूजा करने वालों को कोई असुविधा न हो। इस त्यौहार में पवित्रता का एक अलग महत्व है। भगवान भास्कर पुरे पंचायत के लोगों पर अपनी कृपा बनाए रखें। पूजा के दौरान कोई भी अप्रिय घटना एवं किसी भी पूजा करने वाले को कोई परेशानी होती है तो निसंकोच मुझसे एवं कमेटी का सदस्यों से संपर्क करें। इस मौके पर मुखिया प्रियंका कुमारी, कमिटी के अध्यक्ष डॉ रविकांत तिवारी, सचिव प्रफुल पाठक, नरेश गुप्ता, सिद्धि सिंह, विनय कुमार, दिनेश सिंह, सागर सिंह, दिलीप तिवारी, नितेश सिंह, हरिवंश पासवान पवन सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग विकास तिवारी को सहयोग कर रहे थे।

व्रतधारियों के बीच किया गया गेहूं का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर शुक्रवार नहाय खाय के दिन नहर मोड़ स्थित जमुहारी छठ घाट पर व्रतधारियों के बीच गेहूं अनाज का वितरण किया गया मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर छठी मैया की पूजा की जाती है मान्यत यह है कि छठ पूजा करने वाले भक्तों को सुख समृद्धि धन वैभव यश और मान सम्मान की प्राप्ति होती है मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता श्रवण अग्रवाल वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, शिवपूजन प्रसाद गुप्ता दिनानाथ गुप्ता सतेन्द्र कुमार गुप्ता मुकेश कुमार पटेल प्रमोद कुमार साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास व्रतधारियों ने की शुरू

केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता): सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार की शाम छठ व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने मुकुन्दपुर के सुप्रसिद्ध नारायण वन, अमराहीदह छठ घाट, बुढ़ी खाड़ छठ घाट,और बत्तों कला छठ घाट पर स्नान कर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके पश्चात घर लौटकर पीतल के बर्तन और आम की लकड़ी पर पवित्रता का ख्याल रखते हुए गुड़ का खीर, पुड़ी प्रसाद बनाकर ग्रहण किया। आसपास के लोगों को भी छठ व्रतियों के घर खरना का प्रसाद खाते देखा गया। बुधवार की शाम छठ व्रती पूरी तैयारी के साथ बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप तैयार कर सपरिवार छठ का गीत गाते हुए नारायण वन छठ घाट पहुंचेंगे, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रती पूरी रात नारायण छठ घाट पर रहकर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूरा करती है। चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन सोमवार को उदयमान सूर्य के अर्घ्य के साथ होगा। नारायण वन छठ घाट पर मंदिर विकास समिति के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

विभिन क्लब के द्वारा सूर्य मंदिर पर व्रतधारियों के लिए उपलब्ध कराया गया सुविधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : अनुमण्डल मुख्यालय में बाँकी नदी के तट पर अवस्थित अति प्राचीन सूर्य मंदिर छठ व्रतधारियों के लिए आस्था व विश्वास का केंद्र है. जानकारी के अनुसार इस सूर्यमन्दिर की स्थापना नगर गढ़ के भैया राज किशोर देव की धर्मपत्नी सीता देवी ने सन 1943ई0 में करवाया था.उसी समय से यहाँ छठ व्रत होता है.लोगो का मानना है कि जो भी व्रतधारी यहां छठ व्रत करती हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यही कारण है कि यहां प्रत्येक वर्ष झारखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों सहित सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से छठ व्रत करने के लिए बड़ी संख्या में व्रतधारी आते है.उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के अवसर पर प्रभात क्लब द्वारा साफ सफाई, छठ व्रतधारियों के स्नान के लिए कृत्रिम झरना, रोशनी, ध्वनि आदि की व्यवस्था विगत 54 वर्षों से किया जाता रहा है। अपने स्थापना काल से ही प्रभात क्लब समाजिक, धार्मिक व राष्ट्रीय कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहा है। व्रतधारियों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्लब के सदस्य पूरे रात-दिन सक्रिय रहते है. इधर नवयुवक क्लब के द्वारा 1967 से लगातार प्रत्येक वर्ष छठव्रतधारियों के लिए छठ घाट पर साफ सफाई, बैठने के लिए टेंट,व्रत धारियों के लिए कृतिम झरना, ध्वनि आदि का व्यापक व्यवस्था किया गया है. इसकी जानकारी क्लब के अध्यक्ष अजय प्रसाद एवं कमलेश कुमार मेहता ने दिया. उन्होंने कहा कि पंचमुखी मंदिर के निकट नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है. उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो, इसके लिए क्लब के सदस्य हमेशा तत्पर रहते हैं। जय भामाशाह क्लब द्वारा बस स्टैंड से लेकर सब्जी बाजार होते छठ घाट तक, जय भारत क्लब द्वारा बंशीधर मंदिर जाने वाले द्वार से नगर पंचायत कार्यालय तक साफ सफाई,रोशनी ,ध्वनि के साथ साथ व्रतधारियों के बैठने की व्यवस्था किया गया है। फ्रेन्ड्स रॉक ग्रुप सहित अन्य के द्वारा भी छठ व्रतधारियों की सुविधा के लिये कार्य किये जा रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी छठ घाटों पर दण्डाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

बालू की समस्या को लेकर गढ़वा में निकाला गया मौन कैंडल मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : जिले में एनजीटी की रोक खत्म होने के बावजूद बालू उठाव शुरू नहीं होने के कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों को सामना कर पड़ रहा है, जिससे बालू व्यवसाय, ट्रैक्टर व्यवसाय, मजदूर, लिफ्ट मशीन इन सभी लोगों के सामने भूखे मरने की स्थिति उत्पन हो गई है। कई ट्रैक्टर मालिकों का ट्रैक्टर खींचे जाने की स्थिति में हो गया है। लोग बालू के अभाव में अपना-अपना घर नहीं बनाने का रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास भी समय पर नहीं बन रहा है। लोग अपना पर्सनल घर बनाना चाह रहे हैं पर बालू के अभाव में वह भी नहीं बन पा रहा है। साथ ही अन्य कई निर्माण कार्य भी लंबित है। उक्त सभी बातों का हवाला देते हुए गुरुवार की देर शाम बालू उठाव संघर्ष समिति के बैनर तले लोगों ने कैंडल मार्च मौन जुलूस निकाला गया। मौन जुलूस आरके पेट्रोल पंप, स्टेशन रोड, गढ़वा से शुरू होकर मझिआंव मोड़ से होते हुए रंका मोड़ पहुंच कर समाप्त हुई। इसमें शामिल लोगों ने सरकार व जिला प्रशासन से बालू उठाव शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा जल्द से जल्द बालू नहीं मिलने की स्थिति में पुनः पुतला दहन, रोड जाम व भूख हड़ताल किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इकबाल खान, जिला कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार गुप्ता, संरक्षक सतीश कुमार चौबे, छोटू चौबे, अमजद खान, काजू केसरी, परवेज खान, जान खान, रंजन कमलापुरी, हाफिज अंसारी, वकील अंसारी, श्याम चंद्रवंशी, अरविंदो राम, वीरेंद्र उरांव, लोकनाथ मेहता, मंसूर अंसारी, मुन्ना अंसारी, मिथिलेश जायसवाल, निसार खान और सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है आशा लकड़ा

रांची। गुरुवार की रात मांडर में एक साथ चार मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना निंदनीय है। शनिवार को मांडर में घटित घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डा. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। हिंदुओं की भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। फिलहाल हिंदुओं के महापर्व छठ पूजा के दौरान इस प्रकार की घटना होना राज्य सरकार की कमजोर कानून व्यवस्था को दर्शा रही है। इससे पूर्व 05 नवंबर 2023 को बोकारो में एक मंदिर पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। मूर्तियों को तोड़ने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल किया गया था। इससे पूर्व भी इसी इलाके में बजरंगबली की प्रतिमा तोड़ी गई थी। 30 सितंबर 2022 को धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुबरी टांड़ में एक मंदिर पर हमला कर कुछ लोगों ने बजरंगबली और शंकर भगवान की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इन घटनाओं से इतना तो स्पष्ट है कि राज्य सरकार की मानसिकता हिन्दू विरोधी है। राज्य सरकार की ओर से अब तक इस घटना के प्रति जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया।

धनबाद - अलेप्पी 20 से 26 तक बदले मार्ग से चलेगी

रांची : धनबाद से चलने वाली अलेप्पी एक्सप्रेस सहित दक्षिण भारत जानेवाली ज्यादातर ट्रेनें छठ के बाद अलग-अलग दिनों में परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे के गुंताकल और विजयवाड़ा रेल मंडल में होनेवाले रोलिंग कारिडोर ब्लाक के कारण ट्रेनों के मार्ग अस्थायी रूप से बदले गए हैं। मार्ग बदलने के साथ ठहराव में भी संशोधन किया गया है ।

डूबते सूर्य को आज दिया जाएगा अर्घ्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चार दिनों तक चलने वाले आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हो चुकी है। रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। पारण के साथ सूर्योपासना का पर्व समाप्त हो जाएगा। इसे लेकर सूर्यास्त और सूर्योदय का समय जारी किया गया है। जिससे कि छठ करने वाले उक्त समय में पूजा अर्चना कर सकेंगे। सूर्यास्त और सूर्योदय की समय जारी की गई है। संभवतः झारखंड में लगभग यही समय रहेगा। रांची के मशहूर पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि झारखंड में सूर्यास्त और सूर्योदय का समय क्या होगा।

झारखंड के प्रमुख शहरों का सूर्यास्त और सूर्योदय

शहर	19 नवंबर सूर्यास्त	20 नवंबर सूर्योदय
रांची	5-02	6-05
हजारीबाग	5-01	6-06
गिरिडीह	4-57	6-03
कोडरमा	4-59	6-06
चतरा	5-02	6-0
धनबाद	4 -57	6-01
दुमका	4-53	5-59
गोड्डा	4-52	6-00
देवघर	4-55	6-02
गढवा	5-07	6-13
डाल्टेनगंज	5-06	6-11
गुमला	5-05	6-08
जमशेदपुर	5-00	6-01
चक्रधरपुर	5-02	603

ड्रोन से छठ घाटों की होगी निगरानी, 1200 जवानों रहेंगे तैनात

रांची : राजधानी रांची में लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर हर तरफ उत्साह है। 19 और 20 नवम्बर को अर्घ्य के लिए विभिन्न तालाबों, झील, नदियों और डैमों को भव्य रूप से सजाया गया है। कोकर तिरिल तालाब, चडरी तालाब, करमटोली तालाब, कांके डैम सहित अन्य सभी घाटों की साफ-सफाई कर प्रकाश की व्यवस्था की गयी है। घाटों को फूलों और बिजली के रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया। छठ महापर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के लिए 1200 जवानों को अलग से घाटों पर तैनात किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष नजर रखने को कहा गया है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। एनडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों एवं बोट को भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया गया है। साथ ही ड्रोन से सभी प्रमुख छठ घाटों की निगरानी की जायेगी। सादे लिबास में महिला और पुरुष बल की तैनाती की गयी है। ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार के कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान रखने को तैनात पुलिसकर्मियों को कहा गया है।

एटीएस ने गोड्डा और हजारीबाग से गिरफ्तार आतंकियों को चार दिनों के रिमांड पर लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गोड्डा और हजारीबाग जिले से आठ नवंबर को गिरफ्तार दो आतंकियों को एटीएस ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी मो. आरिज हसनैन और मो. नसीम उर्फ मोहसिन को झारखंड एटीएस ने इसी महीने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार दोनों आतंकियों से पूछताछ करने के लिए एंटी टेरेरिस्ट स्क्वायड ने अदालत में अर्जी दी थी, जिसके बाद अदालत ने गोड्डा के रहने वाले आतंकी आरिज और हजारीबाग के रहने वाले मोहम्मद नसीम से एटीएस को अगले चार दिनों तक पूछताछ की इजाजत दी। एटीएस की टीम शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों आतंकियों को लेकर एटीएस मुख्यालय पहुंची, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। एटीएस को यह सूचना मिली है कि दोनों आतंकियों के पास कई ऐसे राज हैं, जिनके खुलासे के बाद झारखंड में छिपे हुए स्लीपर सेल के कई एजेंट

गिरफ्तार किया जा सकते हैं।

एटीएस ने खुलासा किया है कि दोनों संदिग्ध आतंकी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के आतंकियों के संपर्क में थे। दोनों का लक्ष्य फिलिस्तीन जाकर इजरायल के खिलाफ संघर्ष में शामिल होना था। एटीएस ने अपने बयान में यह बताया था कि फिलिस्तीन जाकर दोनों ने फिदायीन हमला कर मस्जिद ए अल अक्सा को यहूदियों से आजाद कराने का लक्ष्य रखा था। दोनों ने 2020 में फेसबुक के माध्यम से कश्मीरी युवक- युवतियों से भी संपर्क में आने की बात सामने आयी है। इस बिंदु पर एटीएस दोनों आतंकियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आतंकियों में आरिज गोड्डा के रहमत नगर महमुदनगर के असनबानी का रहने वाला है। आरिज की निशानदेही पर ही एटीएस ने मो. नसीम को हजारीबाग के कटकमसांडी इलाके के पेलावल महतो टोला से गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि एटीएस को जानकारी मिली थी कि मो. आरिज हसनैन आईएसआईएस में सक्रिय होकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से संगठन का प्रचार प्रसार कर रहा है।

राज्यपाल से मिले हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और विधायक सीपी सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश और राज्यपाल की यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने राज्यपाल को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी। इनके अलावा राज्यपाल से भाजपा विधायक सीपी सिंह ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की और छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने आंध्रप्रदेश को हराया

झारखंड टीम की ओर से माइकल टोपनो ने तीन गोल, विजय खेस, दिलबर भेंगरा, अनुरोध भेंगरा, जोसेफ कोंगाड़ी, रायन सोय मुरूम, नोएल टोपनो और लव लाइट कुजूर ने एक एक गोल दागा है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चेन्नई में 17 से 28 नवम्बर तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। हॉकी आंध्रप्रदेश को 10-03 से पराजित कर पूरे तीन अंक अर्जित किया है।

झारखंड टीम की ओर से माइकल टोपनो ने तीन गोल, विजय खेस, दिलबर भेंगरा, अनुरोध भेंगरा, जोसेफ कोंगाड़ी, रायन सोय मुरूम, नोएल टोपनो और लव लाइट कुजूर ने एक एक गोल दागा है। झारखंड टीम की पहली जीत पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी शनिवार को हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने दी।

24 को झारखंड आंदोलनकारियों की बैठक होगी, सरकार के कार्यों की होगी समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 24 नवंबर 2023 को रांची डोरंडा स्थित हाईकोर्ट के पीछे झंडा चौक के पास भवानीपुर स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है।

बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक होगी। इस बैठक में उत्तरी छोटा नागपुर, दक्षिणी छोटा नागपुर एवं पलामू प्रमंडल के झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में सभी आंदोलनकारी राज्य सरकार के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करेंगे एवं भावी रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रदेश सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड आंदोलनकारी के लिए किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की जाए किया जाना आवश्यक है। समीक्षा के पश्चात झारखंड आंदोलनकारियो के लिए अब तक सरकार द्वारा किए गए प्रयास की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त जबकि 26 नवम्बर को संथाल परगना प्रमंडल का सम्मान समारोह एवं उलगुलान सभा का आयोजन दुमका में किया जाएगा। महतो ने कहा कि बेहतर झारखंड बनाने व झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान ,पहचान, पेंशन, नियोजन आदि के मुद्दे पर किसी प्रकार का कोई समझौता आप नहीं किया जाएगा।

उत्तराखंड में सुरंग के बीच फंसे ओरमांझी के तीन मजदूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत चुटुपालु के खिरबेड़ा गांव पहुंचे जो जंगलों से घिरा गांव है। इस गांव के 9 लोग उत्तराखंड में मजदूरी करने गए हैं जिसमे 3 मजदूर उत्तराखंड में खनन के दौरान सुरंग में फंसे हैं। आदित्य साहू ने मजदूर चरकू बेदिया की पत्नी रंजो देवी और उसके लड़के अनिल बेदिया से तथा राजेंद्र बेदिया के पिता श्रवण बेदिया और शुकाम बेदिया के पिता बढ़न बेदिया से

मुलाकात कर उनका हाल चाल तथा मजदूरों के शीघ्र सकुशल घर लौटने को लेकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सुरंग से फंसे मजदूरों को बाहर निकालने केलिए हरसंभव कोशिश जारी है।सभी सुरंग में सुरक्षित हैं और शीघ्र बाहर आकर अपने घर लौटेंगे। साहू ने कहा कि गांव में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। दिव्यांग माता पिता का सहारा उनका कमाने वाला बेटा ही है। चिंता और भय में जी रहे परिजनों ने इस वर्ष दिवाली के दीए नही जलाए। साहू ने कहा कि हादसा को भले नहीं टाला नहीं जा सकता लेकिन सरकार में संवेदनशीलता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के चार दिन से ज्यादा हो जाने के बाद भी राज्य सरकार का कोई प्रतिनिधि, पदाधिकारी मजदूर के परिजनों की सुध लेने नही आया। साहू के साथ भाजपा किसान मोर्चा के अमरनाथ चौधरी ,दिलीप मेहता,राजकिशोर साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

पित्त की नली में कीड़े से ग्रसित महिला का पारस अस्पताल में हुआ सफल इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। 35 वर्षीय महिला के पेट में बार-बार तीव्र गंभीर दर्द हो रहा था। मरीज़ की पीड़ा से परेशान उसके परिजनों ने आपातकालीन स्थिति में पारस एचईसी अस्पताल में भर्ती किया।

पारस अस्पताल के डॉ चंदन ने मरीज़ की गंभीर स्थिति का अवलोकन किया और एम आर सीपी जाँच करने के बाद आशंका जताया की मरीज़ के पित्त नली में मरा हुआ कीड़ा है (जिसे आम भाषा में जोंक भी कह सकते हैं)। बीमारी की जटिलता को देखते हुए डॉ चंदन ने मरीज़ के परिजनों को इसके बारे में बताया और उनकी स्वीकृति के बाद इस आरसीपी सर्जरी शुरू की। इस दौरान मरीज़ के पित्त नली से चार मृत सड़े कीड़े निकाले गए ।

मरीज का फॉलो-अप किया जा रहा है और सर्जरी के बाद वह बिल्कुल ठीक है।

पारस एचईसी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, विभाग के डॉ. चंदन ने बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डेड बिलीरी एस्कारियासिस एक दुर्लभ बीमारी है जिसे डेथ डांसर भी कहा जाता है। यदि इसके लक्षणों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तो यह एक अनजानी मृत्यु का कारण भी बन सकता है। कोई भी मरीज़ यदि लंबे समय तक मृत पित्त एस्कारियासिस (डेथ डांसर) का शिकार रहता है तो उस मरीज़ का यकृत/लिवर धीरे धीरे काम करना बंद कर देता है और यदि प्रारंभिक चरण में ही इसका इलाज नहीं किया जाता है, तो यह कोलेंज़ाइटिस का रूप लेते हुए उच्च मृत्यु दर का कारण बन सकती है। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया की प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि पारस अस्पताल में किसी भी जटिल या दुर्लभ बीमारियों का समुचित इलाज उपलब्ध है। पारस का वर्षों का भरोसा और समर्पण ,मरीज़ों को उच्च स्तरीय सेवा देने में आगे बढ़ रहे हैं ।

पित्त नली में एस्कारियासिस बहुत ही दुर्लभ कस्मि की बीमारी है।

सीआरपीएफ 60 बटालियन में तैनात जयंता नाथ को बेहतर उपचार के लिए दिल्ली भेजा गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । बीते दिनों नक्सलियों द्वारा बिछाए आईईडी ब्लास्ट में घायल सीआरपीएफ 60 बटालियन में तैनात जयंता नाथ को शनिवार को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचाया गया । इस दौरान रांची पुलिस ने ऑर्किड से लेकर एयरपोर्ट तक के रास्ते को ट्रैफिक मुक्त रखा था। एयरपोर्ट पहुंचने पर एयर एम्बुलेंस की टीम ने जयंता नाथ को तत्काल इलाज शुरू करते हुए दिल्ली के लिए रवाना हुए। बता दें कि चाईबासा में गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित हाथीबुरु के जंगल में सीआरपीएफ की टीम नक्सल अभियान पर निकली थी। सुरक्षाबलों का टुकड़ा अलग-अलग हिस्से में आगे बढ़ रहा था। इसी बीच नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस घटना में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए थे। हालांकि, एक जवान संतोष उरांव शहीद हो गया। जबकि, जयंता नाथ और वेजेटो टिनाई गंभीर रूप से घायल थे। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इंडिया कैपिटल्स व भीलवाड़ा किंग्स के साथ शुरु हुआ लीजेंड्स क्रिकेट मैच

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। शनिवार को लीजेंड्स क्रिकेट मैच सीजन-2 भीलवाड़ा इंडियन कैपिटल्स के बीच मैच की शुरुआत जएएसईए स्टेडियम में हुआ। पहला मुकाबला गौतम गंभीर की इंडिया कैपिटल्स व इरफान पठान की भीलवाड़ा किंग्स के बीच शुरू हुई। भीलवाड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले इंडिया कैपिटल्स की टीम को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। इंडिया कैपिटल्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 228 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रहे हाशिम अमला 3 रन बनाकर अनुरित की गेंद पर विकेटकीपर दिलशान को आसान सा कैच दे बैठे। इसके बाद टीम के कप्तान गौतम गंभीर ने क्रिक एडवर्डस के साथ दूसरे विकेट के लिए 107 रनों की बड़ी साझेदारी कर टीम को मजबूत कर दिया। इंडिया कैपिटल्स के कप्तान गौतम गंभीर ने अपने 63 रनों के दौरान 35 गेंदों का सामना कर 8 चौके व 2 छक्के लगाए। गंभीर को राहुल शर्मा ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद क्रिक एडवर्डस ने भी अर्धशतक जड़ा। एडवर्डस ने 31 गेंदों का सामना कर 5 चौके व 4 छक्के जड़े। एडवर्डस 59 रन बनाकर राहुल शर्मा के गेंद पर आउट हुए। आस्ट्रेलिया के बेन डंक ने तेजी से 16 गेंदों में 3 चौके व 3 छक्के के सहारे 37 रनों का योगदान दिया।

ये टीमें आपस में भिड़ेंगी : 21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा।

वहीं, 22 नवंबर को भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स और 23 नवंबर को इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेले जायेंगे। रांची में कुल पांच मैच खेले जाने हैं। 22 दिनों में कुल 19 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है, क्योंकि एलएलसी 2023 में एक साथ कई लीजेंड्स खेलते हुए अपना क्लास दिखाएंगे।

रांची में 5 मैच खेले जाएंगे : 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के 5 शहर रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में मैच खेल जाएंगे। इसमें रांची में 5 मैच जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमें खेलेंगी। नई फ्रेंचाइजी अर्बनराइजर्स हैदराबाद की कमान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना संभालेंगे। एलएलसी ने इस सीजन एक अन्य नई फ्रेंचाइजी सदर्न सुपर स्टार्स की भी घोषणा हो चुकी है। इसके कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच होंगे।

ये खिलाड़ी होंगे शामिल: भीलवाड़ा किंग्सः यूसूफ पठान, इरफान पठान, कृष , तिलक रत्ने, इकबाल अब्दुल्ला, जैसल केरिया,अनुरित सिंह,मुर्तक,धमाका प्रसाद,विलियम पोटफिइल्ड, सोलोमन मायर, राहुल शर्मा, इंडिया कैपिटल्सः गौतम गंभीर, हासिम अमला, केपी अपन्ना, भरत चिपली, बेन डंक, किर्क एडवर्ड्स, फिदेल एडवर्ड्स, दिलहारा फर्नांडो, ज्ञानेश्वर राव, एशले नर्स, ईश्वर पांडे, मुनाफ पटेल, प्रवीण तांबे, रस्टी थेरॉन, शामिल हैं।

झारखंड रत्न से सम्मानित होंगे उर्दू पत्रकारिता के शख्शियत एसए हुसैन रिज़वी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : लोक सेवा समिति सेवा की 32वां वर्षगांठ साल पूरा किए और इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

जो निम्नलिखित हैन्जिसमें मुख्य रुप से भारतीय संस्कृति एवं देश की उपलब्धियां विषय पर परिचर्चा, प्रेरणा का लोर्कापण, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों, संस्था को (सर्वोच्च नागरिक सम्मान) से। चयन समिति द्वारा चयनित कर सम्मानित करने जा रही है चयन समिति द्वारा चयनित की सूची निम्न है। भारत सेवा रत्न- से सम्मानित होने वाले विभूतिया, परमवीर चक्र विजेता, शहीद अब्दुल हमीद, (उत्तर प्रदेश) देश में बलिदान. (मरणोपरांत), राहुल गांधी, सांसद, क्षेत्र- भारत जोड़ो यात्रा देश सेवा, वैज्ञानिक प्रोफेसर श्रीकांता पाल, क्षेत्र - आविष्कार, गंगा प्रसाद, पूर्व राज्यपाल मेघालय।

झारखंड रत्न (राज्य का सर्वोच्च सम्मान) से सम्मानित होने वाले निम्न है अमानत अली अंसारी रांची, आजीवन उपलब्धि, क्षेत्र - सेवा, स्वतंत्रता सेनानी एस. ए. हुसैन रिज़वी, (मरणोपरांत) क्षेत्र - उर्दु भाषा सेवा, आशा किरण बारला, गुमला क्षेत्र - खेल, एथलेटिक्स.डॉ मनोहर लाल, रांची. क्षेत्र - शिक्षा सेवा, डॉ राजू खान, जमशेदपुर, क्षेत्र - प्राइमरी शिक्षा, सेवा, राजेंद्र प्रसाद , झारखंड आंदोलन एवं जागरूकता, डॉ0 मोहम्मद महबूब आलम, क्षेत्र - रोजगार शिक्षा प्रोफेसर डॉक्टर सुदेश कुमार साहू, क्षेत्र- शिक्षा सेवा विशिष्ट सेवा सम्मान - से सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची डॉ अजीत कुमार सिन्हा, कुलपति, रांची विश्वविद्यालय रांची, क्षेत्र - शिक्षाविद एवं प्रशासन, रिसर्च, डॉक्टर यासीन अंसारी, गढ़वा क्षेत्र आजीवन सेवा, सैय्यद शमशाद कादरी, हैदराबाद, क्षेत्र - समाज सेवा, कर्नल डॉ0 राजेश कुमार, रांची, क्षेत्र- शिक्षा एवं अनुसंधान, शबनम परवीन, बेरमो, क्षेत्र- सामाजिक जागरूकता, साजिद हुसैन, चितरपुर, क्षेत्र- मोडल शिक्षा, निर्मल तिग्गा, उड़ीसा, क्षेत्र - प्राथमिक शिक्षा सुखराम पाहन, क्षेत्र - मुंडारी, संस्कृति, झारखंडी नृत्य, शैकत खान, गढ़वा, क्षेत्र - समाजिक कार्य एवं सदभावना, राजेश साहू, रांची, क्षेत्र- व्यवसाय सेवा, इंजीनियर सीमा पुरके आस्था, असम, क्षेत्र - सोशल एंपावरमेंट राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान जोबा मांझी, मंत्री, झारखंड सरकार, क्षेत्र - महिला सशक्तीकरण. 2. डॉ रजनी अग्रवाल, नई दिल्ली, क्षेत्र - ग्लोबल लीडरशिप मैनेजमेंट 3. जैनब सिद्दीकी, उत्तर प्रदेश, क्षेत्र - सामाजिक कार्य आदि।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने छठ व्रतियों के बीच बांटी पूजन सामग्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से शनिवार को छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री बांटी । इस अवसर पर 101 छठ व्रतियों कों छठ पूजन सामग्री के साथ दौरा, सूप, नारियल, गुड़, पूजा सामग्री, आटा, रिफाइन, घी और मिठाई प्रदान की गयी। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू ने कहा कि इस बार लोग पूरे उल्लास के साथ छठ महापर्व मनाने में लगे है। कुछ ऐसे

अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए।

भारत के वाल्मीकि समाज का यहां के सप्त सिन्धु समाज से घनिष्ठ संबंध है। महर्षि वाल्मीकि जी का आश्रम पंजाब में अमृतसर के समीप स्थित है। यह आश्रम यहां के तीर्थ स्थानों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस आश्रम की प्रसिद्धि के दो मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश दशरथ, उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी, राम वनवास, राम-वरण विवाद, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, सीता को लेकर लोकोपवाद, लोकतन्त्र लोकलाज से चलता है- सूत्र की घोषणा और सीता का त्याग, सीता जी का महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय ग्रहण करना, वाल्मीकि द्वारा सीता के पुत्रों लव-कुश को एक साथ शस्त्र व शास्त्र की साधना में निपुण करना, इनमें से अनेक ऐतिहासिक प्रसंगों को उन्होंने लेखनीबद्ध किया और अनेक प्रसंग उनके आश्रम में ही घटित हुए। यह ठीक है कि रामचन्द्र जी के अनेक प्रसंग छिटपुट रूप से अनेक ग्रन्थों में मिल जाते थे, लेकिन यह महर्षि वाल्मीकि जी ही थे जिन्होंने इस पूरे इतिहास को समग्र रूप से एक साथ लिपिबद्ध करके भारतीय इतिहास और राजनीति के इस प्रारंभिक इतिहास को सुरक्षित रखने में अवश्य ही कालजयी भूमिका निभाई। दरअसल रामचन्द्र जी के इतिहास से संबंधित अनेक पुरुष/स्त्री इसी सप्त सिन्धु क्षेत्र से ताल्लुक रखते थे। रामचन्द्र जी की माता कौशल्या जी पटियाला के समीप घड़ाम गांव से थीं। आजकल भी पटियाला के राजकीय चिकित्सालय का नाम माता कौशल्या के नाम पर ही है। कैकेयी भी कैकेय प्रदेश यानी गन्धार की थी। रामचन्द्र जी के बेटों लव-कुश ने पंजाब के दो प्रसिद्ध शहर लाहौर और कसूर की स्थापना की। वाल्मीकि जी के इस आश्रम की ख्याति चहुं ओर फैल रही थी। विश्वामित्र और वासिष्ठ जी के आश्रम भी चर्चित थे, लेकिन वाल्मीकि के आश्रम में भारत का इतिहास लिखा जा रहा था और दूसरी ओर भविष्य में सुरक्षा की सशक्त दीवार का निर्माण किया जा रहा था। लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग कर रहा था। अभी

तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। राम के इतिहास का पूर्वाद्र्ध इन्हीं आश्रमों से जुड़ा हुआ था, लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे राम की सन्तान को प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। लेकिन अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। भारत के कोने कोने से लोग वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो समाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। पश्तून, बलोच, जाट, बलती, दरद, सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था। लेकिन इन सभी समुदायों की अलग अलग पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी भी वाल्मीकि हो गए। लेकिन आखिर महर्षि वाल्मीकि जी ने सारे देश में से अमृतसर को ही अपने आश्रम के लिए क्यों चुना? सप्त सिन्धु/पश्चिमोत्तर भारत ही उनके इस नए प्रयोग की साधना स्थली क्यों बना? वाल्मीकि त्रिकालदर्शी थे। वे भविष्य को पढ़ ही नहीं, स्पष्ट देख रहे थे। इसी सप्त सिन्धु के दर्रा खैबर से हिन्दुस्तान पर विदेशी आक्रमणों की एक लम्बी श्रृंखला शुरू होने वाली थी। उसके लिए ऐसी समाज रचना की जरूरत थी जो उसका मुकाबला कर सके। वाल्मीकि जी उसी काम में लगे थे। लेकिन साथ ही रामचन्द्र की शासन व्यवस्था का विश्लेषण भी कर रहे थे ताकि आने वाले शासकों के लिए यह शासन व्यवस्था रोल मॉडल बन सके। यही वाल्मीकि का राम राज्य था, जिसे तुलसीदास ने हजारों साल बाद भी जन भाषा में सूत्रबद्ध करते हुए लिखा- दैहिक दैविक भौतिक तापा, रामराज्य सपनेहुं न व्यापा। लेकिन महर्षि वाल्मीकि ने वाल्मीकि के नाम से यह जो सामाजिक समरसता के आसन पर नया समुदाय प्रशिक्षित किया था, क्या संकट काल आने पर उस कसौटी पर पूरा उतरा? इसमें कोई शक ही नहीं कि जब पश्चिमोत्तर द्वार से भारत पर अरबों, तुर्कों, मुगल मंगोलों के आक्रमण हुए तो उसको चुनौती देने वालों में से वाल्मीकि समाज अग्रणी भूमिका में था। लेकिन उससे पहले हजारों वर्षों तक इस समाज ने देश में ज्ञान की ज्योति भी प्रज्ज्वलित करने में अपनी भूमिका निभाई। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहासकारों ने न तो इस दिशा में शोधकार्य किया, न ही वाल्मीकि समाज की संरचना और उसकी गोत्र प्रणाली को समझने की दिशा में कदम उठाया। ज्ञान और शौर्य के शिखर पर बैठा समुदाय धीरे धीरे अधोगति की ओर कैसा चल पड़ा? समाजशास्त्रियों को इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने चाहिए थे, लेकिन वे एक रहस्यमय चुप्पी साधे रहे। यह ब्रिटिश चाल थी या स्वयं की निष्क्रियता थी, बाबा साहिब आम्बेडकर ने अपनी दो पुस्तकों 'शूद्र कौन थे' और 'अस्पृष्य कौन थे' के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने की कोशिश की थी लेकिन उनके देहान्त के बाद उनके इस काम को किसी ने नहीं पकड़ा। एक सहज अनुमान लगाया जा सकता है। तुर्कों व मुगल मंगोलों से टक्कर लेने में वाल्मीकि समाज अग्र पंक्तियों में था, लेकिन दुर्भाग्य से विदेशी हमलावर जीत गए थे।

गोवा राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश का प्रदर्शन

पिछले वर्ष 2022 में गुजरात ने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया। दो साल के अंतराल में होने वाले ये खेल कभी तो दस साल बाद भी आयोजित हुए हैं। इस बार भी ये खेल एक वर्ष बाद ही आयोजित हो गए। प्रदेश के खिलाडियों ने भी राज्य ओलंपिक संघ के बैनर तले कुछ खेलों में अपना दम दिखाया और पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को स्वर्ण पदक से सजाया है। पिछले दो दशकों से हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी का देश में दबदबा कायम है। जब राज्य में कबड्डी के लिए कोई भी छात्रावास नहीं था, तब 2000 में दयाराम चौधरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकली लड़कियों ने पुष्पलता के नेतृत्व में पहली बार राष्ट्रीय महिला खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

भारत के 2023 राष्ट्रीय खेल, जिसे भारत के 37वें राष्ट्रीय खेलों के रूप में भी जाना जा रहा है और भविष्य में गोवा राष्ट्रीय खेलों के नाम से भी जाना जाएगा। भारत के राष्ट्रीय खेलों का 37वां संस्करण गोवा में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय खेलों में देश के विभिन्न राज्यों व सेना के लगभग 7000 एथलीटों ने 36 खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अपना अपना दम दिखाया। पिछले वर्ष 2022 में गुजरात ने राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया। दो साल के अंतराल में होने वाले ये खेल कभी तो दस साल बाद भी आयोजित हुए हैं। इस बार भी ये खेल एक वर्ष बाद ही आयोजित हो गए। प्रदेश के खिलाडियों ने भी राज्य ओलंपिक संघ के बैनर तले कुछ खेलों में अपना दम दिखाया और पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी टीम ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को स्वर्ण पदक से सजाया है। पिछले दो दशकों से हिमाचल प्रदेश महिला कबड्डी का देश में दबदबा कायम है। जब राज्य में कबड्डी के लिए कोई भी छात्रावास नहीं था, तब 2000 में दयाराम चौधरी के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकली लड़कियों ने पुष्पलता के नेतृत्व में पहली बार राष्ट्रीय महिला खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद कबड्डी प्रशिक्षक मेहर चंद वर्मा साई धर्मशाला व स्वर्गीय कबड्डी प्रशिक्षक दौलतराम ठाकुर व रतन ठाकुर से राज्य खेल छात्रावास बिलासपुर में महिला कबड्डी खिलाडियों को प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हुईं और उत्कृष्ट प्रदर्शन भी सामने आते रहे हैं। एथलेटिक्स में हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को सुमन रावत ने तीन दशक पहले ही राष्ट्रीय खेलों में कई बार स्वर्ण पदकों से सजाया है। अमन सैनी ने भी स्वर्ण पदक सहित कई पदकों से हिमाचल प्रदेश की पदक तालिका को राष्ट्रीय खेलों में सजाया है। स्वर्ण पदक की परम्परा को जारी रखते हुए चंबा की सीमा ने दस हजार मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक व पांच हजार मीटर की दौड़ में भी अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाल कर दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। सीमा साई खेल छात्रावास धर्मशाला में एथलेटिक्स प्रशिक्षक केहर सिंह पटियाल के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निकल कर आजकल भोपाल में विशेष व गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अगले साल ओलंपिक खेलों में इस धाविका से काफी उम्मीद है। हिमाचल को महिला हैंडबाल में स्नेहलता की टीम ने इस बार भी अपना जलवा दिखाते हुए स्वर्ग पदक दिलाया है। हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज आशीष कुमार ने रजत व आशीष वनडोर ने कांस्य पदक जीत कर पदक तालिका में योगदान दिया है। वुशू में हिमाचल प्रदेश को प्रशांत व अशीम मोहम्मद ने अपने अपने वजन में कांस्य पदक जीत कर मान बढ़ाया है। पिछल कई वर्षों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडियों को उनके द्वारा जीते गए पदकों के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित नहीं हुआ है। अब तो प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह जल्दी ही अपने पदक विजेता खिलाडियों के लिए ईनाम बांट समारोह आयोजित कर हिमाचल को गौरव दिलाने वालों को सम्मान दे। इसके अलावा अगर हम हिमाचल में खेल की मूलभूत सुविधाओं की चर्चा करें, तो खेल ढांचे को और सुदृढ़ करने की जरूरत है। आजकल खेलों में प्रतिस्पर्धा बहुत बढ़ गई है। अतः खास सुविधाएं पाने वाले खिलाड़ी ही खेलों में अपना नाम ऊंचा कर पाते हैं। खेल सुविधाओं के बल पर कभी पंजाब खेलों में बहुत आगे था। अब हरियाणा भी खेलों में बहुत उन्नति कर रहा है। वहां खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय मुकाबले जीतने पर बड़े-बड़े इनाम दिए जाते हैं। हिमाचल में विजेता खिलाडियों को सरकार की ओर से नाममात्र के पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके कारण हिमाचल में खिलाड़ी खेलने के लिए प्रेरित नहीं हो पाते हैं। जरूरत इस बात की है कि हिमाचल में भी माकूल खेल वातावरण तैयार किया जाए। यहां पर खेल प्रशिक्षण की पर्याप्त सुविधाएं भी नहीं हैं। इसके कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य राज्यों को पलायन कर जाते हैं। शेष खिलाड़ी अपना खेल कैरियर बीच में ही खत्म कर देते हैं। इस तरह हिमाचल खेल प्रतिभाओं से वंचित है। यहां पर खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निजी तौर पर कुछ लोग आगे आए हैं। वे खिलाडियों को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षित कर रहे हैं। सरकार को भी चाहिए कि निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे इन लोगों की आर्थिक मदद करे। हिमाचल में कुछ हद तक खेल ढांचा तैयार है, किंतु उसका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। खेल के मैदानों में लोग सुबह की सैर कर रहे होते हैं। होना यह चाहिए कि खेल के मैदानों को खेलों के लिए ही उपयोग किया जाए। बहरहाल, राष्ट्रीय खेलों में जिन खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें सरकार को जल्द सम्मानित करना चाहिए। खिलाडियों को प्रेरित करना होगा।

देश दुनीया से

सेमीफाइनल की गलतियों को फाइनल में न दोहराएं भारतीय गेंदबाज

क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 भारत की गेंदबाजी के लिए जाना जा रहा है, लेकिन जिस तरह से सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 327 रन बनाए, उससे भारतीय गेंदबाजी कैंप में थोड़ी चिंता जरूर महसूस हुई है, क्योंकि अब तक कोई भी टीम भारत के खिलाफ 300 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी थी। भारतीय गेंदबाजों ने जिस तरह से अपना लोहा मनवाया है, उससे दुनिया भर के बल्लेबाज हैरान-परेशान जरूर हैं। अहमदाबाद में फाइनल से पहले निश्चित रूप से कोच राहुल द्रविड़ अपने गेंदबाजों को पुराने फॉर्म में लाने की मशक्कत करेंगे। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना बखूबी काम किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत दी और शुभमन गिल ने कप्तान का बखूबी साथ दिया। हालांकि, रोहित अपना अर्द्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने जो फाउंडेशन डाली, उसी के कारण भारत 397 रन तक पहुंच सका। शुभमन गिल के 80 रन, विराट कोहली के 117 रन और श्रेयस अय्यर के 105 रनों के अलावा के.एल. राहुल ने अंत में 20 गेंदों पर 39 रनों की शानदार पारी खेली। उम्मीद यही थी कि भारत न्यूजीलैंड को सस्ते में निपटा देगा और भारत एक बड़ी जीत दर्ज करेगा, लेकिन यहां तारीफ करनी होगी न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन और डेरिल मिशेल की, जिन्होंने तीसरे विकेट की साझेदारी में 181 रन जोड़े। जिस समय दोनों खिलाड़ी खेल रहे थे तो लग रहा था कि मैच भारत के हाथ से निकल गया है, लेकिन मोहम्मद शमी ने वापसी कराते हुए केन विलियम्सन को आउट किया और उसके बाद टॉम लाथम को शून्य पर पवेलियन भेजा। उसके बाद तो न्यूजीलैंड की टीम लड़खड़ा गई और ताश को पत्तों की तरह बिखर गई, लेकिन न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और केन विलियम्सन ने भारतीय गेंदबाजों की पोल जरूर खोल दी। जसप्रीत बुमराह 10 ओवर में 64 रन देकर एक ही विकेट ले सके। मोहम्मद सिराज भी महंगे साबित हुए। सिराज ने नौ ओवर में 78 रन देकर एक विकेट ही लिया। रविंद्र जडेजा ने 10 ओवर में 63 दिए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। कुलदीप यादव ने 10 ओवर में 56 रन दिए और उन्हें एक ही विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शामी सबसे सफल रहे और उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 57 रन देकर 7 विकेट लिए। वानखेड़े स्टेडियम में भारत को उम्मीद थी कि दोनों स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा चलेंगे, लेकिन दोनों ही विकेटों के लिए तरसते रहे, जो इससे पहले वर्ल्ड कप में नहीं हुआ था। भारतीय गेंदबाजों ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से पहले खेल गए मैचों में ऑस्ट्रेलिया को 199 रन, अफगानिस्तान को 272 रन, पाकिस्तान को 191 रन, बांग्लादेश को 256 रन, न्यूजीलैंड को 273 रन, इंग्लैंड को 129 रन, श्रीलंका को 55 रन, साउथ अफ्रीका को 83 रन और नीदरलैंड को 250 रनों पर समेट दिया था। अहमदाबाद में फाइनल में भारत को अपनी बैटिंग के साथ बॉलिंग पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। मोहम्मद शमी के अलावा बाकी गेंदबाजों को भी अपना 100 प्रतिशत परफॉर्मेंस देना होगा। वैसे तो कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा अच्छा खेल रहे हैं, लेकिन फाइनल में रविचंद्रन अश्विन को भी भारत अंतिम 11 में शामिल कर सकता है। अहमदाबाद में भारत ने अपना पिछला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेला था और 7 विकेट से जीता था। अहमदाबाद में टॉस जीतकर भारत पहले गेंदबाजी करता है तो उसे एक मनोवैज्ञानिक लाभ जरूर मिलेगा। भारत अपने वर्ल्ड कप के तीसरे टाइटल से मात्र एक जीत पीछे है और 19 नवंबर को होने वाले मैच में निश्चित रूप से भारतीय खिलाड़ी कप लाने में जी-जान लगा देंगे।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में भारतीय बल्लेबाजों ने अपना बखूबी काम किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत दी और शुभमन गिल ने कप्तान का बखूबी साथ दिया। हालांकि, रोहित अपना अर्द्धशतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने जो फाउंडेशन डाली, उसी के कारण भारत 397 रन तक पहुंच सका। शुभमन गिल के 80 रन, विराट कोहली के 117 रन और श्रेयस अय्यर के 105 रनों के अलावा के.एल. राहुल ने अंत में 20 गेंदों पर 39 रनों की शानदार पारी खेली। उम्मीद यही थी कि भारत न्यूजीलैंड को सस्ते में निपटा देगा और भारत एक बड़ी जीत दर्ज करेगा, लेकिन यहां तारीफ करनी होगी न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन और डेरिल मिशेल की, जिन्होंने तीसरे विकेट की साझेदारी में 181 रन जोड़े।

दृष्टिकोण

हार गए तो हार गए

मैंने कहा-'अमां यार परेशान क्यों होते हो, हार गये तो हार गये।' वे बोले-'यह बात नहीं है।' मैंने पूछा-'तो क्या बात है?' बोले-'वे जीत गये न।' 'तो क्या हुआ, चुनाव में एक जीतता है दूसरा हारता है।' 'आप नहीं समझेंगे भाईजी यह रहस्य?' 'इसमें रहस्य की बात क्या है? आप परेशान मत होइये, अभी चंद दिनों में सारी पोलें खुल जायेंगी और असलियत सामने आ जायेगी।' मेरे दिलासे से वे ज्यादा अधीर होकर बोले-'भाई जी आप ठहरे भावुक आदमी, यथार्थ के कठोर धरातल की सख्ती का आपको पता नहीं है। वे जीते हैं और मेरे सीने के नाग किस तरह फुंफकार रहे हैं आपको अंदाजा नहीं है।' मैंने कहा-'आप राजनेता हैं, सारे सदमे बर्दाश्त करते रहे हो, अब यह भी करो, हार गये तो हार गये।' 'आपको लगता है कि वे सरकार बना लेंगे।' 'मैं भी तो आपसे यही कह रहा था कि वे सरकार नहीं बना पायेंगे, मेंढक भी तुलते देखें है आपने कभी?' मैंने कहा-'आप सही फरमाते हैं, लेकिन मेरी तो एक बात समझ नहीं आई कि जब से आप हारे हैं और वे जीते हैं, पूरे शहर में दंगे हो रहे हैं, यह कौनसी पॉलिटिक्स है?' वे घुटे हुये थे, बोले-'जब तक नये चुनाव नहीं हो जाते तब तक शहर में यों ही आगजनी और लूटपाट होती रहेगी।' 'क्या मतलब?' 'मतलब साफ है, कुछ लोगों में वैचारिक मतभेद फैलाकर और कुछ में दहशत पैदा करने से हमारा वोट बैंक मजबूत होता है।' 'लेकिन हम तो धर्मनिरपेक्ष जो ठहरे। इस बात को तो मानते ही नहीं, सब समान हैं।' मैंने तर्क दिया तो उन्होंने बत्तीसी निकाल कर कहा-'यह सब बातें आपके लिये हैं, हमारे लिये सत्ता सुख से बड़ी और कोई बात नहीं है।' 'यह तो सोसाइटी के लिए बड़ी घातक स्थिति है।' मैंने कहा। वे बोले-'सोसाइटी का भला करने से कुछ नहीं मिलता भाई जी। बुरा करो तो वह सुरक्षा के लिए आसरा-तलाशती है, यह आसरा और कहीं नहीं, राजनेताओं की विशाल तोंदों के नीचे ही मिलता है।' 'लेकिन अब माफ कर दीजिए इन निरपराध भोले निरीह लोगों को, वे नहीं जानते, वे क्या कर रहे हैं। आप हार गये तो हार गये, कल जीत भी जायेंगे।' मैंने कहा। नेताजी ने टोपी को दोनों हाथों से ठीक किया और बोले-'भाई जी जब तक चुनाव दुबारा नहीं हो और मैं जीत नहीं जाऊं, तब तक मेरे पंजों की खुजली यों ही नहीं मिट जाने वाली।' 'आप जरा राष्ट्र की तो कद्र कीजिए।' 'जब राष्ट्र को मेरी परवाह नहीं तो मैं क्यों चिंता करूं?' 'तो अब क्या इरादा है?' 'मैं बिना कुर्सी के जी नहीं सकता।' 'तो मत जीवित रहिये।' 'जितने सहज रूप से आपने यह वाक्य बोल दिया, उतनी सहज स्थिति नहीं है भाई जी।' 'देखिये गुस्सा थूक दीजिए, हार गये तो हार गये, इतना बिगडने की क्या जरूरत है?' 'दरअसल आपको समझाये कौन? सत्ता के लिए कैसे-कैसे तालमेल हो रहे हैं। सिद्धान्तहीन रजनीति को जन्म देकर लोग सत्तारूढ़ हो रहे हैं। मैं मूल्यों की राजनीति करूं भी तो इससे क्या फर्क पडने वाला है।' वे बोले। मैंने कहा-'ऐसा करिये, थोड़े दिन इन थोथे चनों को भी देख लीजिए, व्यवस्था ज्यादा दिन चलेगी नहीं। अंत में सरकार मैं और आप दोनों मिलाकर बना लेंगे।'

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

आदिदेव छठ पुजा समिति ने किया छठव्रतियों के बीच पुजा सामग्रियों का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : मनिका प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट समीप एनएच 39किनारे शनिवार दिन को आदिदेव छठ पुजा समिति के तत्वावधान में छठव्रतियों के बीच दुध नारियल आदि अन्य पुजा सामग्रियों का वितरण किया गया। छठव्रतियों के बीच पुजा सामग्रियों के वितरण करने से पुर्व उक्त पुजा समिति में शामिल जिला सांसद प्रतिनिधि सह पुर्व विधायक प्रतिनिधि लव कुमार दुबे व अन्य सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुरुआत किया गया। इस दौरान जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे ने कहा की आस्था के इस महान पर्व में छठव्रतियों की लगातार संख्या में हो रही वृद्धि यह दर्शा रही है की हमारा सनातन धर्म विश्व के मानचित्र पर आगे बढ़ रहा है।दुबे ने आगे कहा की महान छठ पर्व के अवसर पर हमारे पुजा सामग्रियों को छठव्रती माता व बहनें अपने पुजा की थाल में रखने का अवसर प्रदान करती है इसके लिए आदिदेव छठ पुजा समिति छठव्रतियों का आभार प्रकट करती है।यहां बताते चलें की आदिदेव छठ पुजा समिति के तत्वावधान में लगातार आठवीं वर्ष छठव्रतियों के बीच पुजा सामग्रियों का वितरण किया जा रहा ।रविवार दिन को दोमुहान नदी के छठ घाट में उक्त पुजा समिति के द्वारा छठव्रतियों के बीच फल का वितरण किया जायेगा ।मौके पर आदिदेव छठ पुजा समिति के अजय कुमार गुप्ता शैलोक कुमार यादव नीरज यादव पंकज कुमार यादव रजत कुमार विकाश कुमार निक्की संतोष कुमार गुप्ता कृष्णा प्रसाद पंचरत्न सोनी सागर सोनी अंकित राज गोलु रमेश गुप्ता अशोक प्रजापति बिरेंद्र कुजूर आशिष गुप्ता विकास गुप्ता उमाशंकर गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

तीन बच्चों पर से उठा माता-पिता का शाया, हुए अनाथ, मदद की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बालूभाँग पंचायत के हेरानहोपा गांव में माता पिता के मौत के बाद अन्नाथ हो गए तीन बच्चे इन्होने प्रशासन व बिभाग से मदद की गुहार लगाई है। इस संबन्ध में बालूभाँग पंचायत उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने बताया की हेरनहोपा निवासी दलित परिवार नन्दकिशोर राम की 28 दिसम्बर 2016 में मौत हो गई तब से पत्नी सकुनवा देवी ने 14 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, पूजा कुमारी (12) व नितेश कुमार (10) वर्षीय को मेहनत मजदूरी कर पालन पोषण कर रहे थे। लगभग एक वर्ष से बीमार चल रहे थे. आर्थिक तंगी के कारण बाहर इलाज नहीं करा सकी। बीमारी से जूझ रहे सकुनवा देवी की अचनाक 16 नवम्बर को मौत हो गई। माता पिता दोनो के गुजर जाने के बाद तीनो किशोर बच्चों को क्रिया क्रम करना भी मुश्किल हो गया है। साथ ही गरीबी का दंश झेल रहे इन तीनो पुत्र पुत्री को जीविका चलना काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। शिक्षा के लिए किसी आश्रयदाता के सहयोग की आवश्यकता है। पीड़ित बच्चों ने प्रशासन व प्रतिनिधि एंव सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

छठ महापर्व को लेकर भारी वाहनों पर 20 नवम्बर से 21 नवंबर तक प्रतिबंध

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि छठ पर्व में शांति एवं सुरक्षा को लेकर 20 नवम्बर शाम 7 बजे से 21 नवम्बर सुबह 7 बजे तक सभी भारी वाहनों को मुख्य सड़कों पर चलना प्रतिबंध रहेगा। आगे कहा है कि समाजसेवियों द्वारा दिए गए सुझाव के आलोक में छठ महापर्व में चौक चौराहों पर सामग्री खरीदारी करने में काफी भीड़ रहती है। वहीं रविवार को शाम को सड़कों पर काफी आवागमन छठव्रतियों एवं आस्था के लोगों की लगी रहती है। जिससे सुरक्षित रहने या रखने को लेकर यह कड़ा कदम उठाया गया है। बता दें कि छठ पर्व में भारी वाहनों का परिचालन प्रत्येक वर्ष प्रतिबंध रखा जाता है। परन्तु इस वर्ष महज दो दिन हीं प्रतिबंध रखा गयक है ।जबकि बिगत पिछले वर्ष तीन दिनों से हीं भारी वाहनों का परिचालन में प्रतिबंध लगाया जाता रहा है। चुकी छठ महापर्व में तीन दिनों से हीं चौक चौराहों पर काफी भीड़ लगने लगती है।

नहाय-खाय के साथ महाछठ पर्व की शुरुआत बाजारों में छाया रौनक

मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता): आस्था का सबसे बड़ा त्यौहार छठ पर्व की शुरुआत नहाय खाय के साथ शुक्रवार से ही शुरू हो चुका है लेकिन शनिवार को भी छठ पर्व को लेकर बाजारों में रौनक छाया रहा। बाजारों से लेकर फलों की दुकान और पूजा सामग्रियों की दुकान पर लोगों की भीड़ प्रखंड के हर चौक चौराहों पर देखा गया।दूसरी तरफ पैसेंजर वाहनों में भी एक जगह से दूसरे जगह तक जाने के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी गई जिससे पैसेंजर वाहन संचालक भी काफी खुश नजर आए।

प्रखंड के ढोढ़ी और मधनिया में छठ पर्व को लेकर हर तरफ सन्नाटा और गम

प्रभात मंत्र संवाददाता

मयूरहंड : मयूरहंड के ढोढ़ी और मधनिया में हिंदू और मुस्लिम काफी खुशी के साथ अपने पर्व त्यौहार को मनाते थे लेकिन ढोढ़ी और मधनिया में एक के बाद एक लगातार हो रही मौत से गांव के लोगों में खुशी की जगह मायूसी छाया हुआ है।वर्ष 2023 इन दोनों गांव के लिए अपशकुन से भरा रहा और यह गमजदा दिन कब जाकर रुकेगा अभी कहना मुश्किल है। शुरुआती दिनों में तो वृद्ध लोगों के निधन से लोगों पर उतना असर नहीं पड़ा लेकिन एक 22 वर्षीय युवा जो अपने व्यवहार से लोगों को हमेशा हंसाता रहता था लोगों के दिलों पर राज करता था आज वह इस दुनिया में नहीं है। महज एक बुखार का बहाना लगा और पहले हजारीबाग में इलाज कराया गया तत्पश्चात रांची में इलाज कर गया फिर रांची के बड़े अस्पतालों में शुमार मेडिका में इलाज कराया गया। यहां डॉक्टरों ने इस युवक की ठीक से इलाज नहीं कर पाए। परिजन चिंतित होकर इस युवा को वेल्होर ले गए। यहां पर चिकित्सा कौन है जहां इलाज शुरू किया लेकिन चिकित्सकों के सारी मेहनत पर पानी फिर गया और इस युवा का यह असामिक निधन हो गया जैसे ही इस युवक की आसामयिक निधन की खबर लोगों को मिली लोगों के चेहरे पर होश फाख्ता हो गए। ढोढी और मधनिया में हर तरफ सन्नाटा और गम अपना पांव पसार लिया।आपको बता दें कि यह यू अरे कोई और नहीं बल्कि करमा पंचायत समिति सदस्या सावित्री देवी पति नीरज प्रसाद महतो का एकलौता पुत्र था जो बहुत कम उम्र में ही लोगों के बीच राजाराम के नाम से प्रसिद्ध हो चुका था लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। जैसा नाम था वैसा काम भी था आज राजाराम की निधन के बाद लोगों को ऊपर वाला परी से भी भरोसा उठ किया है और राजाराम को बुलाई नहीं भूल रहे हैं यही वजह है की आस्था का सबसे बड़ा पर्व छठ इन दोनों गांवों में गिने चुने लोगों के अलावा कोई नहीं मना रहा है।इससे पहले कोई भी पर्व त्यौहार हो व्यापक पैमाने पर ढोढ़ी और मधनिया में सदियों से मनाया जाता रहा है।

छठ पर्व पर भक्ति गीतों से गूंज रहा लातेहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर जिले व प्रखंडों के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में छठी मईया के गीतों से पूरा वातावरण गूँजमय बना हुआ है।बाजार में दुकानों और फुटपाथ पर सूप,दौरा, नारियल,फल और पूजा सामग्री से दुकानों में शनिवार को जमकर बिक्री हुई। वहीं मिट्टी से बने बर्तनों की दुकानें भी भीड़भाड़ देखने को मिली। पूजन सामग्री की खरीदारी में लोग जुट गए हैं। इन दुकानों पर छठ के नहाय-खाय के दिन से पूजा सामानों की बिक्री जमकर शुरू हो गई है। शनिवार को बाजारों में फल,नारियल और पूजा सामानों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। रविवार को भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देने के लिए फल और नारियल खरीदने वालों की अधिक भीड़ रही। यहां के बाजारों में दुकानदारों ने छठ की पुरजोर तैयारी की है। छठ पूजा के लिए विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं ने पूजा के सामान बाहर से मंगाए हैं जिसे लागत मूल्य पर भक्तों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सूप और दउरा की दुकानें भी सज चुकी है। छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण अंग सूप है इसके बिना छठ पूजा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसके साथ ही नारियल की बिक्री भी खूब होती है। लोग पूजा के लिए फल लोहंडा पहली अर्घ्य के दिन खरीदते हैं। क्योंकि पहले से खरीदने से उसके खराब हो जाने का खतरा बना रहता है। छठ पूजा को लेकर प्रसाशन भी पूरी तरह से अलर्ट दिख रही है।व चौक चौराहों पर जाम जैसी स्थिति न बने इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। **छठ घाट सज धज कर तैयार :** विभिन्न छठ पूजा समिति के द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई कराई गई है।घाट पर पहुंच पथ लाइट की पूरी व्यवस्था की गई है। घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। छठ वर्ती रविवार शाम को पहला अर्ध्य देंगे।

रेलवे निर्माण कैंपस के पास फायरिंग की सूचना मिलते पहुंची पुलिस

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के पास स्थित रेलवे निर्माण कार्य में लगे NCPL कंपनी के कैम्प के निकट अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की है। घटना शुक्रवार लगभग 9:00 बजे रात कैंपस में मौजूद कर्मियों द्वारा बताई जा रही है। जहां NCPL एवं साई कृपा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा टोरी शिवपुरी थर्ड लाइन निर्माण कार्य कराई जा रही है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस सहित हेरहंज एवं चंदवा थाना प्रभारी के अलावे आसपास के पुलिस पीकेट प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापामारी अभियान चलाई गई। वाहनों की देर रात तक जांच किया गया।बतादें कि कुछ दिन पूर्व हीं रेलवे निर्माण कार्य करा रही साइं कृपा कंस्ट्रक्शन के बुकरू साइट पर अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोलीबारी जैसे घटना का अंजाम दिया था।चार दिन बाद पुनः अपराधियों ने यह तीसरी बार गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। जिससे निर्माण कार्य करा रही कंपनी कर्मियों दहशत में हैं। यह घटना रंगदारी से जुड़ा हुआ है। जिसके लिए निर्माण कंपनी के संवेदक को निरंतर फोन कर धमकी देने की बात कही जाती है। जिसको लेकर स्थानीय थाना बालूमाथ में प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। इस घटना के बारे में बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि रात्रि में फायरिंग की सूचना पाकर लगभग 40- 50 पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचे मामले की छानबीन किए लेकिन घटना स्थल पर एक भी खोखा बरामद नहीं हुई आसपास कोई व्यक्ति भी दिखाई नहीं दिया।

एसडीएम ने पदाधिकारियों को नए मतदाता को जोड़ने को लेकर दिए कई दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी शिक्षा सहयोगियों एवं प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित शिक्षा पदाधिकारी सभी शिक्षकों को नए मतदाताओं को जोड़ने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। नामांकित छात्र-छात्राओं समेत वैसे छात्र जो बीच में किसी किरण बस विद्यालय छोड़ चुके हैं और उनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो गया है वैसे छात्र-छात्राओं का नाम और पता विद्यालयों से एकत्रित कर देने को कहा गया जिस समय पर सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके लोगों को वोटर कार्ड दिया जा सके, जिससे वे सभी मतदान केंद्र जाकर अपने मतों का प्रयोग कर सके। उपस्थित सभी पदाधिकारी समेत प्रधान शिक्षकों को इसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई करने की भी बात कही। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद, मोहम्मद खुर्शीद आलम एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

बीडीओ वा थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर बीडीओ मोनी कुमारी एवं थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने शनिवार को प्रखण्ड के बकुलिया छठ घाट, सिंघानी नदी छठ घाट, बरवाडीह नदी छठ घाट, समेत कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ मोनी कुमारी ने सम्बंधित पंचायत के पंचायत सेवक को छठ घाटों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं गांव के छठ पूजा कमेटी के सदस्यों को कहा कि जिस स्थान में ज्यादा पानी हो वहां बैरिकेटिंग करते हुए सीमांकन करें ताकि ज्यादा पानी मे कोई न जाए और जिससे दुर्घटना न हो। वहीं थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने कहा कि छठ पूजा में भी सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम रहेगा। मौके पर बीडीओ एवं थाना प्रभारी के अलावा कई अन्य लोग उपस्थित थे।

सलगी में भक्ति जागरण व नृत्य संगीत कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड के सलगी गांव में दीपावली के उपलक्ष्य पर दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण एवं दूसरे दिन नृत्य संगीत का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सेवी बबन सिंह ने किया। शुभारंभ के दौरान बबन सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा में सैंकड़ों पंडाल एवं कार्यक्रम में शामिल हुआ और आज सलगी के सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं सुभाष सिंह ने कहा कि इस तरह के भक्ती कार्यक्रम से सामाजिक समरसता को बल मिलता है साथ ही ईश्वर के प्रति शांति, स्थिरता, दृढ़ता, विश्वास व श्रद्धा का भाव बढ़ता है। जागरण में भक्ति संगीत के साथ साथ एक से एक मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। गीत संगीत, नृत्य और झांकी का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। भिन्न भिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक जलवा दिखाया। मौके पर भाजपा नेता सुभाष सिंह, पूजा कमिटी के दीपक सिंह, सुमन सिंह, अगस्त सिंह, नीरज सिंह, संजीत सिंह, अशोक सिंह, पंडु सिंह, आत्मा सिंह, कृपेश कुमार, शशिकांत सिंह, प्रभात सिंह, धीरज कुमार,ज्योति कुमार, मिथलेश सिंह, शैलेष सिंह, मुकेश सिंह, मनीष सिंह, प्रशांत कुमार, विवेकानंद सिंह, मौसम कुमार, झुनरू सिंह, कुनु सिंह, रंजीत सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मासूम बच्चा को रौंदा, मौत

चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के पाराडीह गांव में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो (जेएच 02 एजेड 7668) ने एक बच्चा को चपेट में ले लिया। जिससे बच्चा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बच्चा की पहचान जितेंद्र भारती के आठ वर्षीय पुत्र आशीष कुमार के रूप में हुई। स्कॉर्पियो चालक बच्चा को रौंदकर तेज रफ्तार से भागने लगा। ग्रामीणों ने पीछा कर किशुनपुर स्थित चंदर गैरेज के पास पकड़ा। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने सदर पुलिस को दी।सूचना पाकर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार दल बल के साथ चंदर गैरेज के पास पहुंचकर स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना लाया। चालक को अपने हिरासत में ले लिया है। साथ ही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। स्कॉर्पियो चतरा शहर के धंगरटोली निवासी मुकेश कुमार सिंह का बताया जाता हैं। बच्चा के पिता अहमदाबाद में मजदूरी का काम करने गया है।आशीष पाराडीह स्कूल का छात्र था।जानकारी के अनुसार बच्चा सड़क पार कर रहा था. इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने बच्चा को चपेट मे लेते हुए फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर स्कॉर्पियो को पकड़ा।इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच किया जा रहा है। आवेदन के आधार पर स्कॉर्पियो चालक व मालिक पर कारवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर स्कॉर्पियो मालिक की ओर से कुछ लोग मृतक के परिजनों को कुछ नकद राशि देकर मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक बच्चा के परिजनों व ग्रामीणों ने न्याय की गुहार लगाई है।

महापर्व छठ की शुरुआत खरना से आज चौक की भीड़ बढ़ी, पुलिस मौजूद

- सिमरिया चौक फलों और पूजा सामग्री से सज धज कर तैयार, खरीदार का है इंतजार
- सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने किया चाक चौकस, चप्पे चप्पे पुलिस तैनात

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : अनुमण्डल मुख्यालय के सिमरिया चौक छठ महापर्व को लेकर सभी तरह का फलों और पूजा सामग्रियों से सज धज कर तैयार है। फलों में केला, संतरा, सेव आदि सभी तरह का फल सभी दुकानदारों के पास मौजूद है। छठ महापर्व को लेकर सभी तरह के फल एवं पर्व पर चढाए जाने वाले सामग्री महंगी है। केला की बात करें तो 7 सौ रुपये कांधी, सेव 7 सौ पच्चास रुपये पेटी है। इस तरह सभी तरह के फलों की कीमत और दिन की अपेक्षा अधिक है। किन्तु पर्व होने के कारण फलों की खरीदारी बहुत काफी है। फलों और पूजा सामग्री की खरीदारी कल शाम 4 बजे तक खूब रहेगी। छठ पर्व को लेकर चौक पर रौनक बढ़ गयी है। वहीं भीड़ को नियंत्रित एवं सुरक्षा को लेकर सिमरिया थाना प्रभारी ने सभी जगह पुलिस के जवान तैनात कर दिया है। ताकि किसी तरह का अनहोनी ना हो सके। **छठ महापर्व क्यों मनाया जाता है :** महापर्व नहाय खाय के साथ शुरुआत हो चुकी है।साथ हीं इस पर्व से मन आस्था से ओतप्रोत हो जाता है। चार दिनों कि छठ महापर्व के लिए महीनों पहले से तैयारियां होना शुरू हो जाता है। पर्व को लेकर उत्साह एवं उमंग इतना होता है कि इस व्रत की कठिनाई महसूस ही नहीं होती। पर्व में आस्था की एक नई ऊर्जा का संचार होने लगती है। महापर्व छठ की शुरुआत नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का पर्व कहें या प्रकृति पर्व सूर्योपासना के पर्व की शुरुआत हो जाती है। चार दिनों तक चलने वाले यह महापर्व का समापन सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य के साथ समाप्त हो जाती है। वैसे तो यह बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा झारखण्ड का प्रमुख पर्व है। लेकिन समय के साथ दूसरे प्रदेश के लोग भी अब इस महापर्व को मनाने लगे हैं। खासकर दिल्ली और एनसीआर में देश के विभिन्न हिस्से के लोग एक साथ एक ही घाट पर यह पर्व मनाते है। छठमहापर्व में छठ व्रतियों का 36 घंटे के करीब निर्जला उपवास रहते हैं,जो शनिवार को खरना के साथ शुरू होगा और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद खत्म हो जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व सूर्य उपासना के लिए किया जाता है, ताकि पूरे परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहे। साथ ही यह व्रत संतान के सुखद भविष्य के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। यह महापर्व चार दिन का होता है और छठ माई के लिए व्रत रखा जाता है। जिसमें पहला दिन नहाय खाय, दूसरा दिन खरना, तीसरा दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हीं समाप्त हो जाती है।

करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग,भारत सरकार, करमा जिम्पा भूटिया की अध्यक्षता में ÷हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव ने कहा की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 नवंबर को प्रस्तावित है। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम शुरू की जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि जिला अंतर्गत प्रखंड, पंचायतों में आईईसी वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए। आईईसी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करते हुए वंचितों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार ने अनेक स्तर पर प्रयास किए हैं। केंद्र सरकार की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति को लाभ प्रदान कर जागरूक करना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा इसे गंभीरता से ले सभी अधिकारी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके लिये यह एक अवसर है, जिसके माध्यम से केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ छूटे एवं पात्र लाभार्थियों को दिलाया जाना है। उन्होंने आमजनों को इस योजना के माध्यम से जागरूक करने, छूटे हुए सुयोग्य लाभार्थियों का चयन करते हुए लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजित होने वाली गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ्स और वीडियो को पोर्टल पर अपलोड करने निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि जिसको जो दायित्व दिए गए हैं उनको विस्तार से अवगत कराया जाए और जो दायित्व दिए गए हैं उनका पालन उचित प्रकार से करे। इस कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। बैठक में उपायुक्त हिमांशु मोहन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त अलोक शिकारी कच्छप व जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, रविवार, 19 नवंबर 2023 | पेज 8

विष्णुगढ़ के युवा रोज़गार की तलाश में पलायन को मजबूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ के युवा रोजगार की तलाश में लगातार पलायन की भेंट चढ़ रहे है। झारखंड,हजारीबाग,विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला लगातार जारी है। मृत्यु के बाद सरकार से शव लाने की गुहार लगाई जा रही है,परन्तु शव भी परिजनों को नसीब नही हो पा रहा है,अंतिम दर्शन को भी इस तंगहाली ने छीन लिया। हाल की घटना में विष्णुगढ़,गोविन्दपुर पुर निवासी मौत मुम्बई में हो गई थी,उनके परिजन वीडियो कॉल से उनके अंतिम दर्शन कर पाए। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड से महाराष्ट्र कमाने गये

हजारीबाग जिला के विष्णुगढ प्रखंड के भेलवारा निवासी गांगो महतो के 37 वर्षीय पुत्र चिंतामन महतो की महाराष्ट्र के चालीसगांव में 220 पोल में काम के दौरान करंट लगने से मौत हो गई।मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक चिंतामन महतो घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। वह अपने पीछे पत्नी सुनिता देवी और बेटी काव्या भारती(17)को अपने पीछे छोड़ गया। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा है, कि रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है।हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद गिरिडीह,हजारीबाग और बोकारो जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है।झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है।सरकार मजदूर हित में कुछ पहल नहीं कर रही है और झारखंड से मजदूरों का पलायन तेजी से हो रहा है।

वायु सेना के जवान योगेश कुमार का शव पहुंचा हजारीबाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बीते दिनों सदर प्रखण्ड के मेरु निवासी योगेश कुमार (उम्र 23 साल) जो भारतीय वायु सेना के जवान थे उनका आकस्मिक निधन हो गया था। योगेश के पिता का नाम रामजीत महतो है। योगेश गुजरात के भुज में पदस्थापित थे। उनका पार्थिव शरीर शनिवार को हजारीबाग आने के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उनके गांव और देश प्रेमी युवाओं की भीड़ जुट गई। यहां से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा मुक्ति सेवा संस्थान को भेंट किए गए शव वाहन से पार्थिव शरीर को उनके

पैतृक आवास मेरू के लिए प्रस्थान किया गया । इस क्रम में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल पहुंचकर अस्पताल परिसर में ही योगेश को अंतिम विदाई दी। यहां से तिरंगे लहराते हुए और योगेश अमर रहें के नारे के साथ रैली के शक्ल में देश प्रेमीगण उनके घर तक के लिए लेकर निकले ।

बालक अमिताभ कुमार के मौत के बाद सात माली परिवार में नहीं होगी छठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही (हजारीबाग) : गया रोड में हुई सड़क हादसे में मल्लाह टोली निवासी शंभु माली के 14 वर्षीय पुत्र की हृदय विदारक मौत ने सभी को झकझोर दिया है। शनिवार को मृतक बालक अमिताभ का शव अंतिम संस्कार बरही नदी के मुक्तिधाम में किया गया। जिसके बाद मृतक के परिजन के यहां छठ महापर्व में मृतक के घर परिवार के यहां सन्नाटा पसर गया। घर के आंगन में परिजन के रुलाई लोगों को भावुक कर रहे थे। मां बेटे की याद में बेसुध पड़ी थी। गरीब लाचार मृतक के पिता पल-पल बेटे की याद में उनकी आंखों से आंसू टपक रहे थे। कई लोगों ने जाकर उन्हें समझा कर ढांढस दे रहे थे कि होनी को कोई टाल नहीं

सकता। बता दें कि आस्था का महापर्व छठ चल रहा है और मृतक बालक के गोतिया के यहां छठ पूजा हो रही थी। शुक्रवार को सभी के घरों में छठ पूजा के पहला दिन नहाय खाय का प्रसाद भी ग्रहण किया था। जानकारी के अनुसार बालक अमिताब के मौत के बाद अब मल्लाह टोली में रह रहे करीब सात माली परिवार व उनके रिश्तेदार के यहां छठ पूजा नहीं होगी। हालंकि सभी ने छठ मैया से मृतक के परिवार वालों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें, यही कामना किया।

नव झारखंड फाउंडेशन ने किया छठ व्रतियों को लागत मूल्य पर फल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : छठ महापर्व के पावन अवसर में छठ व्रतियों के बीच नव झारखंड फाउंडेशन ने चुरचू , में लागत मूल्य पर फलों का वितरण किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने जगह जगह घूम कर छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया और कहा कि महंगाई के मार कहीं किसी के त्यौहार की चमक फीका ना कर दे , जिसके लिए नव झारखंड फाउंडेशन संपूर्ण जिम्मेदारी के साथ सभी आम जनों के साथ खड़ा है। छठ सभी पर्वो का महापर्व है इससे समाज एंव क्षेत्र की कुरीतिया दूर होती है। उन्होंने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ का हिंदू धर्म में अलग महत्व है। यह

एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। महापर्व के दौरान हिंदू धर्मावलंबी भगवान सूर्य देव को जल अर्पित कर आराधना करते हैं। हमारा उद्देश्य ही है कि अंधेरे में दीपक की तरह चमकना जिससे की समाज को रोशनी मिलती रहे कार्यकम में सुधीर बासके, उमेश सिंह, लालचन्द महतो, मुरारी सिंह, भुनेश्वर ठाकुर, किशुन महतो, कुलेश्वर महतो, चरण करमाली, महादेव विश्वकर्मा, रमेश यादव, लाल सिंह, सतीश कुमार साहू, रमेश कुमार, मुकेश पंडित, शुशांत, आदि लोग का सहयोग रहा।

आज छठ घाटों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, अस्चलगामी सूर्य को देंगे अर्ध्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड में चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के बाद दूसरे दिन शनिवार को देर रात खरना पूजा संपन्न हो गया। आज तीसरे दिन रविवार को प्रखंड के विभिन्न छठघाटों, सुर्यमंदिर, पीपल नदी, छठघाट, बादम छठघाट, चेपाकला, जुगरा, बरवाडीह, सांढ़, सीरमा, विश्रामपुर, नापो, हरली, महुंगाई, गोंदलपुरा, तलसवार सहित अन्य छठघाटों में अस्तचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य दिया जाएगा। वहीं कल पूजा के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालु उदयमान सूर्य को अर्ध्य देंगे। वहीं बताते चले की प्रखंड के बड़कागांव में स्थित एकमात्र सुर्य मंदिर छठघाट छठव्रतियों व श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है यहां आज एवं कल श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। छठ पुजा समिति ने भी इस छठघाट को विशेष रूप से सजाया है। बिजली की व्यवस्था भी की गई पूरा छठ घाट रोशनी से शराबोर रहेगा। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने बताया कि उक्त सूर्य मंदिर 1990 में कुशवाहा समाज के द्वारा बनाई गई थी। छठ महापर्व में मंदिर में सूर्य भगवान के दर्शन के लिए झारखंड के कई क्षेत्रों से लोग आते हैं।

मुखिया एवं पंसस ने निजी खर्च कर कराया सड़क एवं छठ घाट की सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मडमो खोगीया नदी छठ घाट को मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा और पंसस बहराम हांसदा ने अपने निजी खर्च से जेसीबी लगाकर छठ घाट एवं मार्ग की साफ सफाई की। छठ घाट की साफ सफाई मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा के नेतृत्व में किया गया उन्होने कहा की लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा अब कुछ घंटे शेष बच्चे हुए हैं।जिसको देखते हुए आज छठ घाट की साफ सफाई कराई गई,ताकि छठ व्रतियों को पुजा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी नहीं हों। इस

मौके पर मुख्य रूप से बहराम हसदा पंचायत समिति सदस्य, घनश्याम महतो,रामानंद सिंह बासुदेव महतो समेत अन्य मौजूद थे ।

प्रशासन ने छठघाटों का किया निरीक्षण, छठ पुजा समितियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : छठ महापर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की व कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ने छठ घाटों का निरीक्षण किया। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत अंतर्गत स्थित सुर्य मंदिर, बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित पीपल नदी, सिरमा, सांढ़, विश्रामपुर, नापो आदि छठघाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रशासन की टीम ने पूजा समिति के लोगों को साफ सफाई व लाइटिंग के लिए बिजली व्यवस्था सुदृढ़ ढंग से व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। बीडीयो ने नदियों तालाबों व जलाशयों में अधिक गहरे पानी में छठव्रतियों, श्रद्धालुओं को नहीं जाने की सलाह दी है। वहीं बिजली की व्यवस्था अच्छी तरह से करने तथा नंगे बिजली तार नहीं लगाने का सख्त निर्देश दिया।

आरएसएस ने लगाया फलो का स्टॉल, छठव्रतियों को अधिक मूल्य में खरीदारी से मिली राहत

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़+2 उच्च विद्यालय परिसर में आस्था के महा पर्व छठ के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा शनिवार को फलों का स्टॉल लगया गया।इस स्टॉल में रविवार को भी फल उपलब्ध कराए जाएंगे।आपसी सहयोग की राशि से स्वयंसेवकों ने एक लाख बीस हजार रुपये की लागत से फलों की थोक खरीददारी की है। आरएसएस की इस पहल से छठ व्रतियों को बहुत राहत मिली है। बाजार में जहां महंगे दामों पर फल बेचे जा रहे हैं, वहीं संघ के स्टॉल में अच्छे किस्म के केले की कान्धी साढ़े चार सौ रुपये में मिल

रही है,जबकि सेव की बड़ी पेटी साढ़े छह सौ रुपये की दी जा रही है। संतरा साठ रुपये किलो दिया जा रहा है। इस वजह से बाजार के दुकानदारों को भी दाम घटाने पड़ गए। अब उन्हें इंतजार है संघ के स्टॉक के खत्म होने का, उसके बाद दाम फिर से आसमान छू लेंगे। स्वयंसेवक संतोष कुमार, रंधीर प्रसाद, जय कुमार पांडे, राम विजय सिंह, अनूप आदि अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

कांग्रेस मंडलीय नेता डॉ. आरसी मेहता ने किया इचाक प्रखंड के घरों का दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग-कांग्रेस प्रमंडलीय हेल्थ अध्यक्ष वरिष्ठ नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने हर हर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस के तहत इचाक प्रखंड के रतनपुर मनाय बरकाकाला खुटरा पारसी इत्यादि गांवो का दौरा कर दर्जनों घरों में जाकर लोगों संपर्क किए। समाज सेवी झमन रजक के यहां भोजन किए, तत्पश्चात अनेको लोगों की समस्याएं सुने। डॉ मेहता ने भ्रमण के दौरान कहा की प्रशासन के लापरवाही के कारण इचाक प्रखंड समेत हजारीबाग जिला में अवैध नशा व्यापार ,जुवा ,अवैध लॉटरी का धंधा जोरों पर है नशा एवं ड्रग से नौजवान,नबालिक बच्चे

दिग्भ्रमित हो रहे हैं सरकार टीम कथित कर हजारीबाग जिले से ड्रग एवं नशा से नौजवानों को छुटकारा दिलवे। इचाक बाजार समेत हजारीबाग शहरवासी को घंटो जाम का सामना करना पड़ रहा है सरकार का पर्याप्त पुलिस बल होते हुए जाम से छुटकारा दिलाने में जिला प्रशासन असफल साबित हो रहा है गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए जनता एक घंटा ज्यादा समय लेकर घर से निकल रहे हैं झारखंड सरकार संज्ञान में लेकर हजारीबाग जिले को सड़क जाम,अवैध नशा ड्रग से मुक्त दिलावे।

अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी ने केरेडारी प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : महापर्व छठ की तैयारियां जोरों से छठव्रतियों और श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। केरेडारी प्रखंड के केरेडारी और हेवई स्थित तालाब सहित अन्य छठ घाटों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों से अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और थाना प्रभारी नायल गोडविन केरकेट्टा ने तालाब की गहराई के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, महिलाओं और बच्चों को तालाब की गहराई से दुर रहने हेतु ऐहतियातन बेरिकेडिंग करने, वालेंटियर को चिन्हित कर घाटों पर रखने और साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

अंचल कार्यालय बरकट्ठा के बड़ाबाबू उमेश राणा के रवैये से क्षुब्ध होकर रैयतों ने खोला मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा(हजारीबाग) : अंचल कार्यालय बरकट्ठा के बड़ा बाबू उमेश राणा के कार्य करने की रवैये से क्षुब्ध होकर रैयतों ने अंचल कार्यालय पहुंचकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद से कार्यालय में मिलकर लिखित शिकायत दर्ज किया।रैयत कृष्णदेव पाण्डेय पिता स्वः-चंपालाल पाण्डेय के द्वारा दिये गए आवेदन पत्र में दर्शाया गया है कि मौजा बनवारी के खाता संख्या 14 प्लॉट संख्या 1042 अंचल कार्यालय के बडाबाबू उमेश राणा के द्वारा पिछले छः माह पूर्व 4000 कि मांग कार्य करने के ऐवज में किया

गया और तत्काल 1500 रूपए कार्य निष्पादन हेतु नगद लेने का आरोप लगाया है.ओर रैयत कृष्णदेव पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि पंचायत शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी के द्वारा उक्त भूमि पर वेवजह विवाद किया गया है.उक्त भूमि मेरे पूर्वजों के नाम से रैयती है. और राजनीतिक दबाव के चलते अंचल बरकट्ठा के बडाबाबू उमेश राणा मेरा जमीन संबंधित विवाद के निपटारा करवानें में आनाकानी कर रहे हैं।वंही दूसरा रैयत छोटी महतों पिता स्व–खागो महतों ग्राम पो-बेलकप्पी थाना-गोरहर प्रखंड-बरकट्ठा जिला-हजारीबाग के द्वारा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष बरकट्ठा के नाम से दिये हैं। आवेदन पत्र कर्ता छोटी महतों ने बताया कि मौजा बाराडीह के खाता संख्या 17 प्लॉट संख्या 10,12,14,47,67 के कूल रकवा 05 एकड 34 डिसमिल भूमि खतियानी मेरा दादा चमन महतों पिता स्व : हजारी महतों के नाम से प्राप्त है और मैं तथा मेरे पूर्वजों के द्वारा पिछले 50 वर्षो से उक्त भूमि पर फसल उपजाऊ कार्य एवं दखल कब्जा है.इसके बाद भी अंचल कार्यालय के कर्मियों के मिलीभगत से 05/04/2023 को मेरा उक्त सारा भूमि का रसीद भुनेश्वर नारायण सिंह के नाम से फर्जी तरीके से निर्गत कर दिया गया है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने जारी किया दिशा निर्देश

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने जारी किया दिशा निर्देश वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं से संबंधित नोडल पदाधिकारियों की सूची जारी किया। कार्यक्रम के जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बरही पूर्वी पंचायत में 24 नवम्बर को बरही टाउन हॉल में, कोनरा पंचायत के लिए 28 नवंबर को एनएचएआई मैदान कोनरा में, बेंदगी पंचायत में 29 नवंबर को पंचायत भवन में, करसो पंचायत के कोरियाडीह मैदान में 30 नवम्बर को, केदारूत पंचायत भवन में एक दिसम्बर, गोरियाकरमा पंचायत भवन में 2 दिसंबर, वहीं रसोइया धमना पंचायत भवन में 4 दिसंबर,बरही पश्चमी पंचायत के लिए 5 दिसंबर को टाउन हॉल बरही में, खोडाहर पंचायत भवन में 6 दिसम्बर, बसरिया पंचमाधव पंचायत भवन में 7 दिसम्बर, दुलमाहा पंचायत भवन में 9 दिसम्बर, कोल्हुवाकला पंचायत भवन में 11 दिसंबर को आयोजन किया जाएगा । वहीं भंडारों पंचायत में 12 दिसंबर को,13 दिसम्बर को डपोक पंचायत के मध्य विद्यालय मैदान डपोक में, 15, दिसम्बर को बिजैया पंचायत के उच्च विद्यालय बिजैया मैदान का चयन किया गया है वहीं मलकोको पंचायत भवन में 16 दिसंबर, 18 दिसंबर को रानीचुआं पंचायत के झंडा मैदान महुगढा में, 21 दिसंबर को बरसोत पंचायत भवन में , 22 दिसम्बर को करियातपुर पंचायत भवन में तथा 23 दिसम्बर को धनवार पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त पंचायतों में कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से सम्बधित विभाग के लिए नोडल पदाधिकारी को भी बनाया गया है वहीं सभी सम्बंधित विभाग के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उक्त शिविर में अपने अपने स्टाल के पीछे पोस्टर बैनर की व्यवस्था कर लगाने तथा फोटोग्राफर लेना सुनिश्चित करेंगे तथा ग्रामीणों के द्वारा दिए जाने वाले आवेदनों को जांच कर प्राप्त करेंगे वहीं सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को भी निर्देश दिया गया है कि ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन को आनलाइन कर निष्पादन करेंगे।

महिला के साथ मार पीट के आरोपी पुलिसकर्मी को बड़कागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार

बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के हरली गांव से दिवाली के दिन महिला के साथ मार पीट, गाली गलोच करने का एक मामला प्रकाश में आया था। महिला अनीता देवी द्वारा अपने ही गांव के रांची में कार्यरत पुलिस जवान चन्द्र पासवान के खिलाफ मारपीट करने, धमकी देने व मंगलसुत्र छीनने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। घटना दिपावली के दिन घर में सजाने वाला सिरिज लाईट खरीदने को लेकर बढ़े विवाद से शुरू हुआ और मारपीट तक पहुंच गया। आवेदन के आलोक में बड़कागांव थाना कांड संख्या 345/23 आईपीसी की धारा 341, 323, 379, 354, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया था। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया के वादिनी अनीता देवी के साथ मारपीट एवं छेड़छाड़ करने का वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल होने के कारण क्षेत्र में तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई थी। जांच पड़ताल के बाद आरोपी पुलिसकर्मी रामचंद्र पासवान उम्र 53 वर्ष पिता- गुल्लज पासवान सा0 हरली, थाना- बड़कागांव, जिला- हजारीबाग के निवासी को रांची से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में अग्रसारित किया गया।

नल जल योजना में ग्रामीणों ने मनमानी करने का लगाया आरोप

बरकट्ठा(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना के तहत सभी घरों में जल पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। किंतु इस योजना में अनियमितता और ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान है।प्रखंड के शिलाड़ीह पंचायत में नल जल योजना के तहत घरों के बाउंड्री के अंदर बोरिंग किया जा रहा है,जिससे आस पास के लोगों में भारी रोष है। वहीं ग्रामीण भिखनी देवी ने कहा कि इस योजना से गरीब लोगों को कोई फायदा नहीं होने वाला है। हम लोग हरिजन हैं और हरिजन के तरफ सरकार ध्यान नहीं दे रही है। हम लोग नल जल योजना का कनेक्शन नहीं लेंगे। जहां जरूरी है वहां बोरिंग ना देकर ठेकेदार मनमानी तरीके से घर के बाउंड्री के अंदर बोरिंग कर रहा है। वहीं जसवा देवी ने कहा इस योजना में सभी लोग ऊपर से नीचे तक मिले हुए हैं। बिना जानकारी दिये जैसे तैसे कार्य किया जा रहा है।कहा कि हम लोग काफी दूरी से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। जहां से पानी लाते हैं वहां के लोग भी हम लोगों को पानी लाने से मना करते हैं। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में ठेकेदार की मनमानी से हम लोग परेशान हैं?।साथ ही साथ नल जल योजना में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।स्थानीय निवासी मुकेश रवानी ने कहा यह सरकार की बेहतरीन योजना है लेकिन इसमें घटिया कार्य करके खाना पूर्ति किया जा रहा है।कहा हम लोग उपायुक्त महोदय से इस नल जल योजना का जांच करने की मांग करेंगे।सुपरवाइजर अभय सिंह से संपर्क करने पर कहा कि हम लोग नल जल योजना का पॉइंट अपने मन से चुनाव करते हैं।इसमें ग्रामीणों का कोई रोल नहीं होता है। मौके पर भिखनी देवी,जसवा देवी,बबीता देवी,खेमिया देवी,गौरा देवी,मुनिया देवी, गीता देवी,सिकंदर रवानी, मुकेश रवानी समेत आदि लोग उपस्थित थें।

करोड़ों श्रद्धालु एक साथ आज भगवान सूर्य की करेंगे आराधना

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोक आस्था के महापर्व को लेकर पूरे देश तथा झारखंड राज्य के सभी जिलों में उत्साह चरम पर है। छठ की गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इन सबके बीच रविवार को जब भगवान भास्कर सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर ब्रह्मांड की परिक्रमा के बद जब अस्ताचलगामी की ओर होंगे, तब पूरी निष्ठा, श्रद्धा और भाव से करोड़ों श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करेंगे। कामना करेंगे व्याधियों से मुक्ति का। सुविचार प्रदान करने का। अंधों को आंख और कोढ़ियों को काया देने का। वही दूसरी और पूरे शहर को पूरे दुल्हन की तरह सजाया गया है। हर चौक हर गलियां सजी नजर आ रही है। विधि-विधान के साथ हुआ खरना इससे पहले शनिवार को व्रतियों ने पूरे विधि विधान के साथ छठ व्रत का खरना किया। दिनभर के उपवास के बाद व्रतियों ने शाम में आम की लकड़ी पर बने दूध और गुड़ से बनी खीर भगवान भास्कर को अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। इसी के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया, जो सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के बाद व्रत का पारण होगा। खरना को लेकर सुबह से ही लोग इसकी तैयारी में जुटे रहे। खरना का प्रसाद खाने को लेकर देर रात तक गली मोहल्लों में चहल-पहल रही।

पागल आवारा कुत्ते ने एक गाय समेत तीन व्यक्तियों को काटकर किया जख्मी

बरकट्ठा(हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरकट्ठा प्रखंड के कपका पंचायत अंतर्गत बसरिया गांव में शनिवार को एक पागल आवारा कुत्ता ने जानवरों व आम लोगों पर हमला बोल दिया जिसमें एक गाय समेत तीन लोग घायल हो गए। जिसमें बसरिया निवासी हीरालाल महतो-पिता स्वर्गीय गुजर महतो के गाय को पागल कुत्ते ने काट कर जख्मी कर दिया तो वहीं कुलदीप प्रसाद पिता रामेश्वर महतो तथा रामप्रसाद मंडल पिता बंधु महतो बसरिया निवासी जख्मी हो गए । वहीं दो दिन पूर्व एक व्यक्ति दौलत प्रसाद पिता बुलाकी महतो को पागल कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया था जहां तीनों घायल व्यक्तियों ने अपना इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज कराया तो वहीं गाय का इलाज स्थानीय निजी डॉक्टर के द्वारा किया गया।

छठ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास किया शुरू

गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल में शनिवार को खराना के साथ छठव्रतियों ने 36 घंटा का निर्जला उपवास व्रत शुरू किया गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, वाशरी कॉलोनी, डाड़ी, कनकी, होसिर, रिकवा, चुंबा, रबोध, बलसगरा, हेसालोग आदि गांवों में छठव्रतियों ने शनिवार को दामोदर, मरनगढ़ा नदी और पास के जलाशयों में स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर शाम में खरना किया फिर खीर और रोटी का प्रसाद का वितरण किया छठव्रतियों के खरना करने के बाद देर रात तक लोग एक दूसरे के घर में जाकर प्रसाद ग्रहण किया ।

सयाल छठ पूजा घाट का समाजसेवियों ने किया निरीक्षण

उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): सयाल दामोदर नदी स्थित छठ घाट का सयाल के समाजसेवियों द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें आने जाने वाले रास्ते की साफ सफाई एवं छठ घाट की साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। वहीं पुर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेन्द्र यादव ने कहा कि छठ घाट पर आने वाले सभी श्रद्धालुओ एवं छठ व्रतियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका भी ख्याल रखा जाएगा ।

दामोदर सिरका छठ घाटों पर सूर्य उपासना की तैयारी

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता): सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर दामोदर घाट सिरका में सूर्य पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। यहां छठ पूजा समिति के द्वारा व्रतियों और भक्तों के आने वाले पथरीली सड़कों व घाटों पर मिट्टी बिछाकर इसे नरम और आरामदायक बनाया गया है। लाईटो की भी व्यवस्था की गई हैं।

लोहे पोल समेत दो सीसीटीवी कैमरा की हुई चोरी

सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना रामगढ़ क्षेत्र के सिरका बंद सीएचपी चेकपोस्ट से 10 फीट के लोहे पोल समेत दो सीसीटीवी कैमरा चोरी होने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में सुरक्षा विभाग सिरका ने बताया कि बीते रात्रि शुक्रवार को पोल, दो कैमरा गायब हुआ हैं। प्रबंधन कागजी आदेश के बाद थाना रामगढ़ में एफआईआर दर्ज करा उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी।

छठ पूजा के दूसरे दिन खड़ना प्रसाद भक्तों ने किया ग्रहण

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजन के दूसरे दिन शनिवार को देर संध्या खड़ना दुध व गुड़ खीर, रोटी प्रसाद बनाया गया। जिसे छठ व्रतियों ने विधिवत पूजन पाठन के बाद अपने परिजनों, आस पड़ोस के लोगों, बच्चों महिलाओं के बीच भक्ति भाव से वितरण किया। सभी ने छठ मईया से अपने परिवार व क्षेत्र के लिए सुख शांति का आशीर्वाद मांगा।

समाज सेवी ने शिव मंदिर कोदवे में घंटा दिया

गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता): डांडी प्रखंड के कोदवे शिव मंदिर में समाज सेवी दशरथ प्रसाद महतो ने अपने स्तर से छठ पूजा के अवसर पर शिव मंदिर में एक घंटा दिया है दशरथ महतो ने बताया कि मैं अपने स्तर से यह घंटा आज कोदवे शिव मंदिर में दिया हूँ और आगे भी मंदिर में किसी भी तरह का सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगा ग्राम विकास समिति के सभी सदस्यों ने दशरथ महतो को बधाई देते हुए कहा कि दशरथ महतो ने मंदिर हमेशा कुछ ना कुछ सहयोग करते रहते हैं।जो अपने आप पर गर्व की बात है।

कुजू पुलिस ने पैंकी क्षेत्र से अधजले शव को किया बरामद

कुजू (प्रभात मंत्र संवाददाता): कुजू ओपी पुलिस ने क्षेत्र के पैंकी से एक अधजले शव को बरामद किया है। उसके कंधे पर रस्सी का गोला व पैंट के पाकेट से प्लास बरामद किया गया है। युवक की मौत पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक बिजली तार चोरी करने की नीयत से उक्त स्थान पर गया था। जहां उसकी मौत विद्युत स्पर्शाघात से हो गई। उसकी शिनाख्त ललिताडीह सुगिया निवासी पिंटू मुंडा पिता चमन मुंडा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार करमा फोरलेन से रांची रोड अशोक सिनेमा जाने वाले मार्ग पर पैंकी के पास एक अधजले शव के पड़े होने की सूचना पर कुजू पुलिस ने युवक के अधजले शव का पंचनामा करते हुए अपने कब्जे में लेते हुए अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया।

लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना पूजा किया गया

उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सयाल एवं उरीमारी में लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व के दुसरे दिन खरना पुजा किया गया। वहीं सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह की पत्नी सुधा सिंह ने भी खरना पुजा किया जिसमें सयाल एवं उरीमारी क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोगों ने महाप्रसाद को ग्रहन किया। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक अजय सिंह, सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, युनियन के राकोमयू क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, वासुदेव साव, विन्ध्याचल बेदिया, सोनाराम मांझी, सतीश सिन्हा ईत्यादि कई लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया ।

छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने खरना का अनुष्ठान संपन्न किया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले में छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने नदियों और सरोवरों में स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके उपरांत शाम को मिट्टी के चूल्हे पर अरवा चावल, गुड़ और दूध से खीर बनाया और उसी छठी मईया की पूजा कर उन्हें अर्पित किया। इसके बाद खीर को स्वयं ग्रहण किया। व्रतियों द्वारा खीर ग्रहण करने के बाद खीर का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो गया है। इसके तहत रविवार की शाम व्रती नदियों और सरोवरों में अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देंगे। जिसके साथ छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति की बैठक

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शनिवार को उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रबंधकीय समिति के पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्य की जानकारी ली। बैठक के दौरान डीएमएफटी के तहत छावनी परिषद क्षेत्र, नगर परिषद क्षेत्र सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में कई योजनाएं संचालित करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान रामगढ़ शहर अंतर्गत बिजुलिया तालाब में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, विभिन्न सड़कों के निर्माण, थाना चौक स्थित इलेक्ट्रिक क्रिमेटोरियम में डीजी जेनसेट उपलब्ध कराने, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के संचालन हेतु विभिन्न उपकरण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, जिले के विभिन्न विद्यालयों की चार दिवारी, गोला मार्केटिंग कंपलेक्स में वेंडिंग जोन निर्मित करने, व्यवहार न्यायालय परिसर में शौचालय आदि के निर्माण, सदर अस्पताल रामगढ़ में विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने, पतरातू लेक रिसोर्ट के समीप शौचालय निर्माण को लेकर चर्चा के क्रम में उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

छठ महापर्व की तैयारी जिला प्रशासन छावनी परिषद ओर छठ कमेटी कर रही है अच्छे कार्य : विधायक सुनिता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ शहर अन्तर्गत छठ महापर्व की तैयारी को लेकर विधायक सुनिता चौधरी ने सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया द्य सर्वप्रथम बिजूलिया तलाब छठ घाट, हर हरी नदी, दामोदर नदी घाट एवम अन्य छठ घाटों का निरीक्षण विधायक सुनिता चौधरी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया द्य इस मौके पर सुनिता चौधरी ने कहा कि कल उपयुक्त रामगढ़ जिला चंदन कुमार से मिलकर छठ महा पर्व को लेकर छठ घाट की पूर्ण साफ सफाई एवं छठ वर्तियो के लिए स्नान घर एवं धर्म प्रेमीयो के लिए चलनत शौचालय की व्यवस्था करने और नाव में गोता खोर से निगरानी करने ताकि किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना धर्म प्रेमियों को न उठाना पड़े और बिजुलिया तलाब चारों ओर किनारे के खराब लाईट को दुरुस्त कराएं और मार्ग में उचित लाईट की वयवस्था करे ताकि किसी भी तरह को कोई अप्रिय घटना न हो सके क्योंकि छठ महा पर्व मैं बिजुलिया तालाब एवं दामोदर नदी घाट के दोनो तरफ में काफी श्रद्धालुओं की संख्या रहती है संध्या अरग के दिन बड़ी वाहनों का प्रवेश बंद रहे और सुबह की अरग के दिन भी द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि छठ महापर्व कि तयारी को लेकर जिला प्रशासन, छावनी परिषद और छठ घाट कमेटी की ओर से तैयारी जोर शोर से की जा रही है जिससे छठ वर्तियों ओर श्रद्धालुवो को कोई परेशानी ना हो द्य इस मौके पर विधायक सुनिता चौधरी के साथ बिजुलिया कमेटी के अंकित सिंह, गुड्डू यादव, मुन्ना गुप्ता, हर हरी नदी कमेटी के दीपू गुप्ता, गगन चौधरी, दमोदर नदी कमेटी के सतीष गुप्ता, बीजेपी के संजय सिंह, आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य बिमल बुधिया, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, बिभन सिंह, पंकज दांगी, मनीष चोपड़ा, मनीष गोयल, शर्वन मंडल नंदू महतो, केलाश रजक सहित कई लोग मौजूद थे ।

सोसो खुर्द टोल प्लाजा में नए कंपनी वेस्ट वेल ने लिया प्रभार

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के एनएच 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा में शनिवार को प्रातः 8 बजे नए कंपनी वेस्ट वेल कंपनी ने प्रभार संभाल लिया तथा पूर्व की कंपनी कोरल एसोसिएट कंपनी ने नियमतः सारी जिम्मेवारी सौंप दी। टोल प्लाजा का विधिवत उद्घाटन पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया गया। कंपनी नियमानुसार एक वर्ष तक अपने टेंडर को विधिवत रूप से चलायेंगे।मौके पर नए कंपनी के पदाधिकारिगण तथा पूर्व कंपनी के टोल प्लाजा कर्मी के अलावा मुख्य रूप से जीएम मेजर वर्गिस, टोल मैनेजर अली रजा, झाल पोखरिया के टोल मैनेजर मोहम्मद शमीम, वरुण यादव, राहुल कुमार, सोपन के अलावा स्थानीय टोल कर्मी में महफूज आलम, अरविंद कुमार महतो, सुधीर कुमार दास, करण मुंडा, रामविलास महतो, सुभाष महतो, हीरालाल महतो, संजय कुमार,पिंटू महतो तथा एंबुलेस कर्मचारी अशफाक अहमद,सईद अहमद,सगीर अहमद, इस्लामुल हक के अलावे सभी टोल कर्मी मौजुद थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला

दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836 E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

विज्ञापन संख्या :–1185(समग्र)

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या–**GE/08/163/2022-23/3119** दिनांक **08.08.2023** के आलोक में जिले में संचालित सात आवासीय कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न शैक्षिक रिक्त पदो के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 14.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा, नये समाहरणालय भवन, ब्लॉक– ए, द्वितीय तल्ला, पिनः– 835223, जिला–सिमडेगा में आमंत्रित किए जाते है:–

SL.No.	Name of Post	Vacancy	UR	BC-I	BC-II	SC	ST	Total
कक्षा 6 से 8								
1	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा	2	1	0	0	0	1	2
2	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–गणित	2	1	0	0	0	1	2
3	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान	1	1	0	0	0	0	1
4	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–सा० विज्ञान	3	1	0	0	0	2	3
5	पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)–शारीरिक शिक्षा	1	0	0	0	0	1	1
	कुल	9	4	0	0	0	5	9

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्ति की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR.NO.311628 Primary Education (23-24):D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA

Expression of Interest

EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-29/2023-24

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. of child care ward at itkhori, g.p itkhori of block itkhori, distt.-chatra as per details hereunder.

SI. No.	Particulars	Details
1	Name of Work	Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. of child care ward at itkhori, g.p itkhori of block itkhori, distt.-chatra.
2.	Estimated Amount	Rs. 2,37,50,117.00
3.	Completion Period of work	06 Months
4.	Tender Fee will be received through online mode only.	Rs. 10,000.00
5.	Earnest Money Deposit (EMD)- The successful bidder will have to execute & submit EMD through online mode, before finalization of the tender, approx 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD	Rs. 4,75,100.00
6.	Date of publication of Tender on Website	**25.11.2023 Time: 11:00AM**
7.	Start Date/Time for Online Submission of bid	**02.12.2023 Time: 11:00AM**
8.	Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids	**02.12.2023 Time: 17:00PM**
9.	Technical Bid Opening Date and Time	**04.12.2023 Time: 02:00PM**
10.	Place of Opening Bid	**O/o the E.E, R.D.Spl. Division, Chatra.**
11.	Name & Address of inviting EOI Officer	Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra.
12.	Contact No. of Inviting EOI Officer	87091-84201

Note :

1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
2. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised Not to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender free and EMD.
3. No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract
4. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
5. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.
6. Companies registered under Jharkhand MSME/MSME under Gov. of India.

Executive Engineer,
R.D.Spl.Division, Chatra

PR 311623 Rural Development (23-24)_D

राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने बटवारा नामा एवं उत्तराधिकारी दाखिल खारिज कार्यों की समीक्षा के क्रम में लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया वहीं दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को 90 दिन की अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। डिमार्केशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने रिजेक्ट किए गए आवेदनों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे गैरमजूरवा भूमि सर्वे कार्यों को उपायुक्त ने तीव्र गति से कार्य कर दो माह के अंदर शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आने वाले आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने ई रेवेन्यू कोर्ट, 4एच संबंधित कार्यों को लेकर कार्य करने के संबंध में अंचल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। नीलम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया वहीं कार्यों को बेहतर तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने नीलाम पत्र वादों को लेकर दिसंबर के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली वहीं उपयुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सहायक आयुक्त उत्पाद, राज्य कर पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

गुरु नानक देव जी के 555 वे जन्मोत्सव को लेकर पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर पहले दिन निकाली गई प्रभातफेरी। प्रभातफेरी के पहले दिन बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे। कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। गुरु नानक की वडियाई सिमर ,नानक घर के गोले,है तन मन वसया सोई, सुख तेरा दित्ता लाए÷ शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था।

प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर सुभाष चौक, झंडा चौक ,चट्टी बाजार ,लोहार टोला से होते हुए होटल वेव्स के समीप स्व ज्ञान सिंह छाबड़ा के घर पहुंची।जहां छाबड़ा परिवार की ओर से समूह साथ संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर सरदार पपिंदर सिंह खंबे ने सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सरूपा देकर सम्मानित किया। यहां छाबड़ा परिवार वालों ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया।प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, कुलजीत सिंह कालरा, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह,जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, गुरप्रीत सिंह कुलवंत मारवाह, जगजीत सिंह, पलविंदर सिंह बल,गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, सुमी जोली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर बलविंदर कौर शामिल हुए।

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद्

قومی کونسل برائے فروغِ اردو زبان

NATIONAL COUNCIL FOR PROMOTION OF URDU LANGUAGE

Ministry of Education,Department of Higher Education,
Government of India
Farogh-e-Urdu Bhawan,FC-33/9,Institutional Area,Jasola,New Delhi-110 025
Ph.:011-49539000, Fax:49539099

Admission Notice

Diploma in "Computer Applications, Business Accounting and Multilingual DTP"- CABA-MDTP

Joint Certification by NCPUL & NIELIT Chandigarh

Important Dates for the session January, 2024

NCPUL
Ministry of Education,Govt. of India

Submission of Registration form by the students	: 2nd December,2023
Interview by selection committee	: 5-6th December,2023
Display of final list of selected candidates	: 12th December,2023
Payment of fees by selected candidates	: 16th December,2023
Receipt of list of candidates with Registration fees at NCPUL	: 22nd December,2023
Commencement of Classes	: 1st January,2024

NIELIT
Chandigarh Centre
Ministry of Electronics and Information Technology, Govt. of India

Course Contents:

Module I: Fundamentals of Information Technology **Module II:** Internet Technology and Web Designing **Module III:** Financial Accounting Using Tally & Personality Development **Module IV:** Emerging trends in IT **Module V:** Multilingual DTP **Module VI:** Artificial Intelligence and Machine Learning Python **Module VII:** Practical & Project Work

योग्यता: CABA- MDTP पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थी किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक अथवा इस के समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हों। आवेदन पत्र जमा करते समय विद्यार्थियों की उम्र 15 वर्ष (मैट्रिक) और 17 वर्ष (10+2) से अधिक, लेकिन 35 वर्ष से कम होना अनिवार्य है।

अवधि: कोर्स की अवधि एक वर्ष है। सीटों की संख्या 40 होगी।

शुल्क: प्रवेश पाने वाले छात्रों को मासिक शुल्क 250 रू. मासिक और 'ए श्रेणी' वाले शहर के लिए 500 रू. मासिक अदा करनी होगी। (मान्यता प्राप्त केन्द्र दुगुना शुल्क ले सकते हैं।)

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद् ने हिन्दी और अंग्रेज़ी माध्यम से उर्दू सिखाने का एक साल का डिप्लोमा कोर्स पत्राचार द्वारा शुरू किया है। सभी छात्रों के लिए यह कोर्स अनिवार्य है।

प्रासपेक्टस् के लिए अपने नज़दीकी CABA-MDTP केन्द्र से सम्पर्क करें। CABA-MDTP केन्द्रों की सूची विवरण सहित NCPUL के वेबसाईट www.urducouncil.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रो० धनंजय सिंह
निदेशक

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, रविवार, 19 नवंबर 2023 | पेज 10

छठ व्रतियों को साड़ी, फल व पूजन सामग्री दिये गए

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लोक आस्था का महापर्व छठ के शुभ अवसर पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा छठ व्रती महिलाओं के बीच साड़ी, फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने मीडिया के माध्यम से कोयलांचल समेत समस्त देशवासियों को छठ पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। वहीं छठ व्रती माताओं एवं बहनों ने इन समाजिक कार्यकर्ताओं को धन्यवाद व आशीर्वाद दिया तथा छठी मईया से इनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की भी कामना की। मौके पर सिन्द्री के प्रतिष्ठित व्यक्ति सुरेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

गिरिडीह साहू सभा नगर इकाई के द्वारा लागत मूल पर फल व नारियल बिक्री केंद्र लगाया गया

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा नगर इकाई के द्वारा साहू समाज भवन हुट्ठी बाजार गिरिडीह में इस वर्ष भी लागत मूल्य पर फल और नारियल बिक्री केंद्र खोला गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू महासचिव धर्म प्रकाश उपाध्यक्ष संजय साहू प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहा कोषाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता महिला प्रकोष्ट अध्यक्षा सुचिता गुप्ता नगर सचिव मनीष गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से हमलोगों के द्वारा लागत मूल्य पर फल और नारियल बिक्री केंद्र लगाया जा रहा है ,जिसका मुख्य उद्देश्य बाजार मूल्य को नियंत्रित करना है। जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू ने कहा कि हमारा समाज गिरिडीह के छठव्रतियों को लागत मूल्य पर सुलभ रूप से फल और नारियल उपलब्ध करवा रहे हैं। महासचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि हमारा समाज इस वर्ष भी इस महान पर्व के अवसर पर लागत मूल्य पर फल और नारियल उपलब्ध करवा कर छठव्रतियों को सहयोग कर रहे हैं। नगर सचिव मनीष गुप्ता ने कहा कि हमारा यह बिक्री केंद्र दो दिनों तक चलेगा(इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित रंजन,अभय साहा, मोनू साव,नीरज साहा, श्याम सुंदर गुप्ता उज्जवल कुमार विवेक रंजन संतोष गुप्ता सोनू साव निरंजन साहू, माधुरी देवी रूबी साहा गुड़िया कुमारी सहित नगर कमिटी , महिला प्रकोष्ठ और जिला कमिटी के कई लोगों का सार्थक सहयोग रहा।

झारखंड अंडर 15 क्रिकेट में स्नेहा का हुआ सिलेक्शन

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड राज्य महिला अंडर 15 क्रिकेट टीम में गिरिडीह की स्नेहा यदुवंशी का चयन हुआ है। स्नेहा बनियाडीह निवासी व मध्य विद्यालय बनियाडीह के सहायक अध्यापक संजीत कुमार (संजू) की बेटी है। स्नेहा गिरिडीह की पहली लड़की है, जो राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलेगी। पिछले साल भी स्नेहा का चयन अंडर 15 क्रिकेट टीम में हुआ था। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर स्नेहा स्टेट अंडर 15 टीम के 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में सफल हुई है।

राकेश टुडू मेमोरियल दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

टुण्डी/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुण्डी प्रखण्ड के रतनपुर पंचायत अन्तर्गत कमलपुर गांव के राकेश टुडू मेमोरियल क्लब कमलपुर के बैनर तले द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। राकेश टुडू मेमोरियल क्लब कमलपुर द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ / 08 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में टुण्डी कोलहर बनाम धनबाद गोल्फ़ ग्राउंड क्लब के बीच भिड़ंत हुआ जिसमें विजेता टीम धनबाद गोल्फ़ ग्राउंड क्लब ने टुण्डी कोलहर को 08 विकेट से शिकस्त दिया। खेल का आनन्द लेते हुए मुख्य रूप से जिप सदस्या -04 मीना हेम्ब्रम ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर बेहतर खेल का प्रदर्शन करने बहेतु मार्गदर्शन दिया। जिप सदस्या -04 के मीना हेम्ब्रम ने स्व0 राकेश टुडू के समस्त परिजनों पिता- युबी टुडू , माता- उर्मिला देवी, बहन- अनिता कुमारी, भाई राजेश टुडू से बातचीत के क्रम में कहा कि मैं हर समय विशेष कर दुःख के बेला में मेरी ओर से यथासंभव सहयोग रहेगा। फाइनल मैच में विजेता टीम को मुख्य अतिथि झामुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू एवं जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य रवि कान्त मंडल ने मेडल एवं 10,000 हजार रूपए एवं उप विजेता टीम को रतिलाल टुडू एवं लोलिन बास्की ने मेडल एवं 6,000 हजार रूपए नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया।

अलंकार ज्वेलर्स व लायंस क्लब ने किया सूप वितरण

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : श्री अलंकार ज्वेलर्स प्रतिष्ठान के मालिक व लायंस क्लब ऑफ कतरास के सदस्य शैलेश बर्मन के तत्वावधान में शनिवार को महापर्व छठ पर छठ व्रतियों के बीच 101 सूप का वितरण किया गया। मौके पर अमित चंद्रवंशी, संजय कुमार अग्रवाल, रितेश कुमार दुबे, कुमार चंदन, अचिंतो बॉस, विभूति सिंह तथा डॉ स्वतंत्र कुमार उपस्थित थे। लायंस क्लब के सदस्य शैलेश बर्मन ने बताया कि हर सामाजिक कार्यों में लायंस क्लब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है। पिछले 5 वर्ष से अलंकार ज्वेलर्स द्वारा छठ व्रतियों के बीच सूप वितरण किया जा रहा है।

महंगाई पर आस्था भारी, 30 फीसदी तक बढ़ी कीमतों पर खूब हो रही है खरीदारी

छठ महापर्व को लेकर सजने लगा फलों का बाजार, कीमतों में उछाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : आस्था का महापर्व छठ की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। झरिया कोयलांचल से लेकर सिंदरी, बलियापुर के इलाके के तालाब, जोरिया का किनारा सज-धज कर तैयार हो गया है। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे। शनिवार को प्रसाद खरीदने वाले श्रद्धालुओं की झरिया शहर सहित सिंदरी, डिगवाडीह, मोहनबाजार, बलियापुर आदि जगहों पर भीड़ उमड़ पड़ी। महिला-पुरुष प्रसाद खरीदते देखे गए। आस्था के पर्व को लेकर झरिया में एक अलग ही दृश्य दिखता है। झरिया मुख्य मार्ग लक्ष्मीनिया मोड़ से लेकर बाटा मोड़ तक अवरुद्ध हो जाता है। सड़क पर ही बैठकर व्यवसायी प्रसाद बेचते हैं। खरीदार दूर दराज से आते हैं। शुक्रवार की रात से ही व्यवसायी दुकान सजाना शुरू कर देते हैं। सुबह होते ही भीड़ उमड़ पड़ती है जो रविवार को अर्घ्य पड़ने से कुछ क्षण पहले तक देखी जाती है। कई व्यवसायी उदारता का परिचय देते हैं। जो भी प्रसाद बच जाता है उसे छठ व्रतियों के बीच वितरण कर देते हैं। वैसे झरिया के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में सैकड़ों स्वयंसेवी संस्था कार्य कर रहे हैं। जो प्रसाद का वितरण श्रद्धा के साथ करते हैं। ऐसे में फलों की मांग काफी बढ़ गई है। इस वजह से फलों के दाम कुछ हद तक आसमान छूने लगे हैं। मौजूदा समय में छठ पर्व के कारण फलों की कीमत पिछले हफ्ते की अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ गई है। बाजार में फलों की मांग भी कई गुना बढ़ जाने के कारण आपूर्ति कर पाना मुश्किल हो रहा है। झरिया फल मंडी बाजार समिति के थोक फल विक्रेता सुबोध साव ने बताया कि छठ पर्व के मौके पर सामान्य दिनों की अपेक्षा फलों की मांग बढ़ जाती है, जिस कारण मंडी से भी फलों की आपूर्ति कम होती है। ऐसे में फलों के दाम बढ़ जा रहे हैं लेकिन छठ पूजा की मान्यताओं के आगे लोग कीमत की परवाह किए बगैर छठ व्रती इन्हें खरीद रहे हैं। झरिया बाजार में भी हर फल की कीमत में 20 से 30 प्रतिशत की उछाल आई है। अमेरिकन सेव = 700/800 रुपए प्रति पेटी, कश्मीरी सेब - 750/850 रुपए प्रति पेटी, संतरा -1,100 रुपए प्रति पेटी, पानीफल - 25/30 रुपए प्रति किलो, अनार - 1,400/1,600 रुपए प्रति पेटी, सूखा नारियल - 25/40 रुपए प्रति पीस बिक रहा है।

भाकपा माले ने सड़क दुर्घटना के प्रति दुख जताते हुए सरकार से की मुआवजे की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : शादी समारोह से टिकोडीह (गिरिडीह) से वापस घर लौट रहे, बिरनी थाना क्षेत्र के गजोडीह गांव के एक ही परिवार के 4 समेत कुल 6 लोगों की, बाघमारा गिरिडीह (मु) के पास हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना के कारण घटनास्थल पर तथा बाद में ईलाज के दौरान दुखद मौत हो गई। जानकारी मिलते ही माले विधायक विनोद सिंह सहित भाकपा माले की पूरी टीम, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सदर एसडीओ एवं कई राजनीतिक सामाजिक लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचकर घटना के प्रति दुख और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा दिया जा सके।

मरने वालों में मो युसूफ मियां (गजोडीह, बिरनी), इम्तियाज अंसारी (गजोडीह, बिरनी), शुभान अंसारी (गजोडीह, बिरनी), आफताब आलम (गजोडीह, बिरनी), सागीर अंसारी (चरघरा, बिरनी), याकूब अंसारी (लेवरा दलांगी, बिरनी) इत्यादि थे। भाकपा माले की ओर से सड़क दुर्घटनाओं को भी पीड़ित परिवार के लिए एक आपदा मानते हुए दूसरी आपदाओं की तरह प्रति व्यक्ति 4 लाख मुआवजा देने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

21 से 23 नवंबर तक प्रत्येक बूथ पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबादः उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने निर्वाचन शाखा की समीक्षा की। इस दौरान नए मतदाता पहचान पत्र के लिए कम आवेदन प्राप्त होने के कारण उन्होंने सभी बीएलओ को 21, 22 एवं 23 नवंबर को अपने बूथ में उपस्थित रहने और इन तिथियां में बीएलओ को अर्हता प्राप्त महिला एवं पुरुष के आवेदन प्राप्त कर उसी दिन बीएलओ एप के माध्यम से निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस अवधि में वे प्रत्येक संध्या ईआरओ, एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ प्राप्त किये गए प्रपत्रों की समीक्षा करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024, 9 दिसंबर 2023 तक चलेगा। इस अवधि में अर्हता रखने वाले पुरूष, महिला अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। मतदाता सूची से अपना नाम हटा भी सकते है एवं मतदाता अपना नाम, पता, उम्र आदि सुधार भी सकते है। इस अभियान में तेजी लाने के लिए 21 नवंबर से 23 नवंबर 2023 तक सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ उपस्थित रहेंगे एवं अर्हता प्राप्त से प्रपत्र-06, 07 एवं 08 आदि प्राप्त कर उसी दिन बीएलओ एप में इंट्री भी करेंगे। वहीं आम जनता प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर स्वंय मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकते है।

महाप्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों पर छठ पर्व को लेकर की गई तैयारी का जायजा लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पर्व को लेकर यात्रियों की सुविधा/सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंधक किए गए हैं । महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा स्वयं इसकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है । इसी क्रम में आज उन्होंने बिहटा, आरा, बक्सर, सासाराम और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इन स्टेषनों के सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया, पे एंड यूज़ टॉयलेट, पैदल ऊपरगामी पुल, जनता मिल फूड प्लाजा, साफ-सफाई, प्लेटफार्म पर लगे वॉश बेसिन, यात्री सुविधा के क्षेत्र में किया जा रहे विभिन्न कार्यो का गहन निरीक्षण किया । उन्होंने यात्रियों से बात कर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के प्रति उनसे फीडबैक लिया। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेष गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों संग बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निर्देष जारी किया। महाप्रबंधक ने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ लेकर ना चलें, यह खतरनाक है । ज्वलनषील पदार्थ लेकर यात्रा करने तथा ट्रेनों में बीड़ी सिगरेट का सेवन करने वालों के पर विषेष नजर रखने के लिए रेल सुरक्षा बल की टीम गठित की गयी है जो ऐसी गतिविधियों पर निरंतर नजर रख रही है ।

झरिया विधायक ने छठ तालाबों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : झरिया विधायक व सत्तारूढ़ दल की सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह ने शनिवार को धनबाद नगर निगम के अधिकारियों के साथ झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब सहित अन्य छठ तालाबों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। झरिया सिंह नगर स्थित तेजन सिंह का तालाब, चार नंबर स्थित मां मंगला चंडी तालाब, आनंद भवन तालाब का निरीक्षण किया। यहां पर उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों से राजा तालाब के किनारे सभी स्ट्रीट लाइट को चालू करने का निर्देश दिया। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। इधर झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अर्घ्य देने के लिए प्रशासन, आम लोग और सामाजिक संस्थाओं ने मिल-जुलकर साफ-सफाई, रोशनी आदि की व्यवस्था कर दी है। जिन तालाबों में पानी की कमी थी वहां पानी भरा गया है। जहां पानी ज्यादा है वहां बैरिकेडिंग व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। दर्जनों ऐसे जगह हैं जहां पर लोगों ने अपने स्तर से भी घाटों को सजाया है। एहतियातन प्रशासन द्वारा भी सभी प्रमुख घाटों पर नाव, गोताखोर आदि की व्यवस्था की गई है।

छठ पूजा समिति धूमधाम से मनाएगी 26वीं वर्षगांठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया, छठ तालाब में लगातार 26वीं वर्ष लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। पूजा समिति के सचिव सत्यम सिंह ने बताया कि समिति की ओर से पूजा से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूजा के दौरान छठ घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षाकर्मी के साथ-साथ गोताखोर भी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही पूरे तालाब की निगरानी सीसीटीवी कैमरे की मदद से की जाएगी। छठ घाट पर समिति की ओर से पूजन सामग्री जैसे गंगाजल, नारियल, अगरबत्ती, पान पत्ता, फल, दूध आदि का वितरण किया जाएगा। छठ व्रतियों के लिए घाट पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। छठ पूजा की तैयारी में अध्यक्ष फोद्दार सिंह, सचिव सत्यम सिंह, उपाध्यक्ष इंदर सिंह, मीडिया प्रभारी रंजीत जायसवाल, संतलाल महथा, निर्मल कुमार, रणधीर कुमार, प्रमोद शर्मा, त्रिलोकी विश्वकर्मा, मोहन सिंह, दुर्गा सिंह एवं सदस्य गण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

व्रतियों के लिए सज धज कर तैयार है कतरी नदी छठ घाट

प्रभात मंत्र संवाददाता

कतरास : महापर्व छठ को लेकर कतरास एवं आसपास के तालाबों एवं कतरी नदी घाट की व्यापक साफ सफाई की गयी। कतरास नगर निगम द्वारा छठ घाटों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। घाटों की साफ सफाई की गयी। कतरास के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा छठ घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। छठ घाटों की सफाई को लेकर 15 दिन पूर्व से ही नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी जुट गए थे। वहीं दूसरी ओर सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अपने आसपास के छठ घाटों के साफ सफाई के साथ-साथ आकर्षक विद्युत व्यवस्था एवं घाटों की सफाई पर जुटे थे। कतरास के आसपास एक दिन पूर्व ही छठ घाट सज धज कर तैयार हो गया है तथा छठ व्रतियों के स्वागत के लिए तैयार है। कतरास नगर प्रशासक शब्बीर आलम ने बताया कि छठ घाटों के साफ सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। पचगढ़ी बाजार शहर के मुख्य मार्ग को साफ करने के लिए निगम के दर्जनों कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे। नदी किनारे सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा सूर्य मंदिर को पूरी तरह दुल्हन के तरह सजा दिया गया है। सूर्य मंदिर कमेटी के एक-एक पदाधिकारी और सदस्य शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने में जुट गए हैं। छठ घाटों की साफ सफाई और आकर्षक विद्युत व्यवस्था देखते बन रही है।

सड़क हादसे में मृतक के परिवारजनों से मिले पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह के बाघमारा लुकैया गांव के समीप में हुए सड़क हादसे में 6 लोगों की हुई दर्दनाक मौत से जहां पूरे जिले में शोक व्याप्त है , इस बीच खबर सुनकर बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मृतक के घरों में पहुंच कर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया, एवं हर संभव मदद का भरोसा दिलवाया।

13 वर्षों से छठ करते आ रहे हैं समाजसेवी अंकित

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : समाजसेवी अंकित राजगढ़िया पिछले 13 वर्षों से छठ पर्व करते आ रहे हैं। अंकित कहते है की उनके मन मे अचानक यह बात आई और वह छठ पर्व करना शुरू किए। उन्होने बताया कि छठ महापर्व का इंतजार वह पूरे साल करते हैं। वो इस वर्ष भी छठ कर रहे हैं। उनका कहना है कि छठ माँ की पूजा करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है और माँ हर दुख दूर करती है। आगे उन्होने कहा की छठ मैया की कृपा से इस वर्ष भी आराधना करने का उन्हे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भगवान भास्कर से प्रार्थना है कि अपनी सात्विक ऊर्जा से सभी के जीवन को प्रकाशित करें।

डीआरएम की निगरानी में हुई पम्पू तालाब की सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के निर्देशानुसार धनबाद रेल मंडल ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत पम्पू तालाब, ईस्ट लोको टैंक व वेस्ट लोको टैंक सहित अन्य जल निकायों और उनके एप्रोच रोड की सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया है। छठ पूजा के अवसर पर 19 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य और 20 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पम्पू छठ घाट की तैयारी के लिए धनबाद मंडल विशेष रूप से समर्पित है। छठ पूजा के दौरान इस तालाब का उपयोग रेलवे कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। डीआरएम ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ पम्पू तालाब, ईस्ट लोको टैंक, वेस्ट लोको टैंक की सफाई और नवीकरण की तैयारियों की निगरानी के लिए व्यक्तिगत रूप से इसका दौरा किया। उन्होंने बताया कि यह बेहतर पर्यावरण और स्वच्छ जल निकायों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप भी है। जलकुंभी जैसी जलीय खरपतवार हमारे जल निकायों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या है और इस तरह की सफाई की पहल स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सक्षम बनाती है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, रविवार, 19 नवंबर 2023| पेज 11

जिलेवासियों को बेहतर चिकित्सीय लाभ दें सदर अस्पताल कर्मी : विधायक भूषण बाड़ा

विधायक भूषण बाड़ा ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था में सुधार करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : विधायक भूषण बाड़ा शानिवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक ने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों के बेड तक जाकर अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही सभी मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। वहीं ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को इलाजरत मरीजों का सेवा भाव के साथ बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने का निर्देश दिया। विधायक ने अस्पताल परिसर के स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए अस्पताल को साफ एवं स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। विधायक ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मी अपने मन मे सेवा भाव पैदा करें। यहां पर भर्ती मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। अपना व्यवहार को भी मरीजों और परिजनों के साथ मधुर रखें। ताकि मरीजों एवं परिजनों को अस्पताल में अपनापन का एहसास हो। ऐसे में मरीज भी जल्द स्वास्थ्य हो सकते हैं। विधायक ने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को मरीजों के इलाज में कतई कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इलाज करने में कोताही बरतते हुए पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी। वहीं विधायक ने अस्पताल में भर्ती कांग्रेस नेत्री नीला नाग की पुत्री निम्मी नाग से भी मुलाकात कर उनका हाल चाल लिया। साथ ही उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की। वहीं विधायक ने चिकित्सकों को निम्मी नाग का भी बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। वहीं निम्मी को उनके इलाज में हर सम्भव मदद करने का आश्वासन का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, कांडीदत गोविंदा महतो, जयंत बरला, कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे। *विधायक ने दुरभाष से स्वास्थ्य मंत्री को बताई एनेस्थेसिया विशेषज्ञ की कमी* अस्पताल पहुंचे विधायक को महिलाओं ने सदर अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ नहीं होने के कारण होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि एनेस्थेसिया विशेषज्ञ नहीं रहने से मरीजों को ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके चलते अस्पताल में ऑपरेशन तक टलने लगे हैं। जबकि ऑपरेशन करने के लिए कई महिला चिकित्सक फिलहाल पदस्थापित हैं। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ नहीं रहने से ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। इसपर विधायक ने तत्काल सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से दूरभाष में बात की।

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त व पुलिस कप्तान ने किया स्थल निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का कार्यक्रम आयोजन को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो एवं दतरी क्षेत्र में हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल चयन के लिये उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिश बिन जमां द्वारा प्रखंड अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि सरकार के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के प्रस्तावित विशेष शिविर में आगमन को लेकर संभावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्र में किया गया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार निरीक्षण सेन्हा प्रखंड के सीठीयो व दतरी मैदान तथा कुडू प्रखंड के चिरी मैदान और कुडू प्रखंड के समीप स्टेडियम का अवलोकन किया गया। विशेष शिविर के तहत कार्यक्रम हेतु आवश्यक क्षेत्र तथा हेलिपैड की संभाव्यता को देखते हुए निर्णय ली जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं कुडू के प्रखंड व अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर कैरो नगजुवा निवासी के यहां चिपकाया इश्तेहार

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत नगजुवा ग्राम निवासी मुनि विश्वकर्मा पिता जंगल विश्वकर्मा के यहाँ दिनांक 18 नवंबर शनिवार को थाना गाजीपुर उत्तर प्रदेश पुलिस एवं कैरो थाना पुलिस ने मुनी विश्वकर्मा के घर जाकर चिपकाया इश्तेहार। मौके पर गाजीपुर थाना के एस0 आई0 भगवती सिंह ने बताया की मुनी विश्वकर्मा लंबे दिनो से फरार थी, न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को आज आरोपी के यहाँ चिपकाया जा रहा है बावजूद भी आरोपी शीघ्र उपस्थित नहीं होता है, तो गाजीपुर पुलिस न्यायालय के अगले आदेशानुसार कार्य करेगी। आरोपी मुनी विश्वकर्मा के घर पर इश्तेहार चिपकाने समय गाजीपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक भगवती सिंह एवं कैरो थाना के सदल बल उपस्थित थे।

श्री शुभकामना छठ पूजा समिति पतरा टोली के तत्वाधान में शंख संगम छठ घाट बन कर तैयार

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्थानीय पतराटोली के शंख संगम छठ घाट पर डेम तथा नदी मे भरपूर पानी की सुविधा के अनुसार के छठ घाट का निर्माण हो चुका है। तथा विद्युत का कार्य लगभग पूर्ण हो चुकी है। छठ व्रतियों की सुविधा को देखते हुए सारा कार्य आज पूर्ण हो चुकी है। कल महाछठ पर्व के संध्या अरघ के लिए सारी विधि व्यवस्था लगभग पूरी हो चुकी है। श्री शुभकामना छठ पूजा समिति के पदाधिकारी चार दिनों से लगातार छठ घाट का कार्य संपन्न कराने में व्यस्त है। समिति के अध्यक्ष अरविंद यादव संरक्षक विनोद सिंह, मनोज गुप्ता (मना) दिलीप सिंह, कमला देवी, विमलकांत सिंह, रणधीर साहू, सोहन साहू, कुमार सुमन, बलराम साहू अनिल साहू, आदि ने कहा कि इस महापर्व पर एक बार सेवा के मौका अवश्य दें।

संत अगुस्टिन चर्च किलेसेरा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

खेल के माध्यम से एक खिलाड़ियों को मिल रही है देश में नई पहचान : सन्देश एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोलबा : प्रखंड के किलेसेरा में संत अगुस्टिन चर्च की ओर से शनिवार को हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे ।जहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत की। जहां पर फाइनल मैच साधुमुंडा उड़ीसा बनाम बरघाट झारखंड के बीच खेल का आयोजन किया गया जहां पर शानदार पारी खेलते हुए साधुमुंडा उड़ीसा की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस मौके पर विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया अपने संबोधन में युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा की खेल के माध्यम से देश में खिलाड़ियों को एक नई पहचान मिल रही है और इस क्षेत्र में लगातार हॉकी फुटबॉल सहित कई खेलों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। सभी खिलाड़ी पूरे विश्वास लगन और खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए आगे बढ़े ,जिससे कि खिलाड़ी के अंदर छुपी प्रतिभा बाहर निकले और वह खिलाड़ी जिले से बाहर जाकर खेल कर देश-विदेश में सिमडेगा जिले का नाम रोशन करें। जिस प्रकार सिमडेगा के दर्जनों खिलाड़ी आज परचम लहराने का काम किया है, इस सिख को लेते हुए आप सभी बेहतर खेल कर आगे बढ़े और खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं ।झारखंड पार्टी हमेशा युवाओं के सोच को आगे बढ़ते हुए खेल में भी हर संभव मदद देने का काम करती है, और आने वाले दिनों में हर संभव प्रयास करेगी कि यहां के खिलाड़ी और भी बेहतर से बेहतर खेल कर नाम रोशन करें।

मनोज जायसवाल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेषक मनोज जायसवाल ने किया। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेषक मनोज जायसवाल ने भंडरा प्रखंड के मवि चट्टी,उत्क्रमित उच्च विद्यालय ब्राह्मणडिहा, बिटपी व प्राथमिक विद्यालय भैसमुंदो मतदान केंद्र का निरीक्षण कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने बीएलओ व पर्यवेक्षक से अबतक मतदाता पुनरीक्षण को लेकर हुए कार्यो की समीक्षा की। साथ ही मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने अब तक भरे हुए आवेदन, नए मतदाताओं का पंजीकरण, ऑनलाइन इंट्री, मृत व पलायन हुए मतदाताओं की संख्या सहित कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी लेते हुए बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी 2024 में होने वाले चुनाव में एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस बात को ध्यान में रखते हुए मतदाता पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाएं। मतदाता पुनरीक्षण कार्य में किसी भी तरह से लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र में नेटवर्क, रैंप, पेयजल, शौचालय की भी विस्तृत जानकारी लिया। मौके पर एसपी हारिश बिन जमा, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

छठ घाट सजकर तैयार व्रती अस्तचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पण करेंगी आज

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र में सभी जगहों पर छठ गीतों से वातावरण गुंजायमान हो रहा है। वही खरना से पूर्व छठव्रतियों ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों में अर्घ्य देते हुए भगवान भुवन भास्कर सुर्य नारायण को पूजन के लिये निमंत्रण भेजा साथ ही पुजन करते हुए छठ घाट पर छठी मईया को भी आमंत्रित किया गया है। वही शाम मे व्रतियों द्वारा खरना के उपरांत प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके उपरान्त खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत प्रारम्भ हो गया है। रविवार शाम को छठव्रतीयों के द्वारा अस्तचलगामी भगवान सुर्य को प्रथम अर्घ्य देंगे तथा सोमवार सुबह उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चार दीनी छठ महापर्व सम्पन्न हो जायेगा। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड के सभी छठ घाट सजकर तैयार हो गया है। ऐतिहासिक सीठीयो छठ घाट मे विद्युत सज्जा से लेकर छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य पुरा कर लिया गया है। छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वातावरण भक्तिमय हो गया है। साथ ही छठ पर्व को लेकर प्रशासन भी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रखंड प्रशासन व पुल्स प्रशासन द्वारा शनिवार को प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का समीक्षा किया गया। जहां पर तालाबों में छठ पूजा का आयोजन किया जाता है। वहां श्रदालुओं को गहरे पानी में नहीं जाने देने का निर्देश का आयोजन समिति को दिया गया है। छठ पूजा को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक में फल तथा पुजन सामाग्री की दुकानें सजी हुई है। सभी जगहों पर छठ महापर्व को लेकर धूम मची हुई है।

लोहरदगा का इतिहास पूरे समुदाय के लोग मिलजुल कर मनाते हैं आस्था का महापर्व छठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व भगवान भूवन भास्कर के छठ मैया के पूजन हेतु झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दूसरे मुल्कों में भी चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को पूरी निष्ठा, श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ जात-पात, अमीरी गरीबी, धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर बच्चे, युवा, वृद्ध स्त्री पुरुष सभी लोग सामूहिकता के साथ मानते हैं। इस त्यौहार में जहां सनातन धर्मावलंबी यों जितनी पवित्रता के साथ पूजन करते हैं, वही मुस्लिम धर्म संप्रदाय व मसीही समाज के लोग भी इसमें जुड़ जाते हैं। तभी तो शहर के अन्य क्षेत्रों व गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर क्षेत्र मे सूप, दौरा, दौरी, पंखा बिक्री करने वाली शमीमा खातून, रोशन आरा, शाहीन, गुड्डू, धनरू, रहमत आदि कहते हैं कि हम लोग वह हमारे दादा परदादा इसी स्थान में पूरी श्रद्धा व पवित्रता के साथ उचित मूल्य में बिक्री करते हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, सुधीर अग्रवाल,संजय बर्म्मन कहते हैं कि लोहरदगा को विरासत में साझा संस्कृति मिली है और सारे पर्व त्यौहार लोग मिलजुल कर मनाते हैं और यही लोहरदगा को मजबूत भी बनाती है।

अधेड़ ने किया आत्महत्या पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिये भेजा अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत पीपर टोली में आत्महत्या का मामला प्रकाश में आते ही पुलिस जांच में जुट गई.घटना शुक्रवार रात्रि का है। पीपर टोली निवासी स्वर्गीय बुदु उराँव के 45 वर्षीय पुत्र मंगरा उराँव ने शुक्रवार रात्रि लगभग 9 बजे अपने खपरैल मकान के लकड़ी के सहारे रस्सी का फंदा से झूल कर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि घर के लोग रात्रि करीब 9 बजे खाना खाने के लिए उठाने गये तो दरवाजा नही खोलने पर परिजनों को संदेह होने लगा तभी काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खोल कर देखा तो मंगरा उराँव फांसी के फंदा से लटका हुआ मिला। इसके बाद परिजनों ने सेन्हा थाना प्रभारी अविनाव कुमार को मामले की सूचना दिया। शनिवार को सुबह सेन्हा थाना पुलिस ने गांव पहुंच शव को कब्जा में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। ग्रामीणों ने बताया की मृतक शराब का आदी था और शारीरिक रूप से कमजोर था। आत्महत्या का कारण मानशिक स्थिति खराब होने की बात बताई जा रही है। वही थाना प्रभारी अविनाव कुमार ने कहा की मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है साथ ही जांच पड़ताल आरम्भ है। मौके पर सेन्हा थाना पुलिस पदाधिकारी सा0आ0नि0 बिरेन्द्र बखला पुलिस जवान के साथ तथा मुखिया बंधन उरांव मृतक के घर पहुंचे हुए थे।

सहिया दिवस पर स्वास्थ्य संबंधी दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सहिया दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित सहिया दिवस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी सहियाओं ने भाग लिया साथ ही स्वास्थ्य समन्वयक रानी देवी एवं सुनील महतो के द्वारा सभी सहियाओं को कार्य के प्रति निर्देश देते हुए कहा गया की माहवारी पंजी, परिवार नियोजन पर चर्चा, स्वास्थ्य मेला आयोजित करना, सरभाइमल कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों का सूची तैयार करना और गृह भ्रमण कर नवजात शिशु का फोटो संग्रह करने के बारे में निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सहिया को कार्य करने में परेशानी न हो जिसके लिये ओटी और यूनिफार्म दिया गया। एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी अन्य विषयों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। मौके पर ललिता देवी, आभा देवी, मरियम टोप्पो, अनीता उराँव, रेखा देवी, गीता देवी, साहिना प्रवीण, शिला कुजूर, उर्मिला उराँव, सावित्री कुमारी, राधा देवी, सीमा देवी सहित सभी सहिया उपस्थित थे।

खरना समापन के बाद पहला अर्घ्य आज

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले भर में शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गई,वही जिले में पूजा सामग्री की खरीदारी के साथ पर्व के दूसरे दिन खरना किया गया जिसमे गाय के दूध तथा अरवा चावल से बने प्रसाद से छठवर्ती प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ होती है, गांव से लेकर शहर तक सूप एवं दउरा को नारियल, कतारी मिट्टी के दीए, डाम्भा, फल फूल इत्यादि सामानों से सूप सजाया जाता है, वही खरना से पूर्व संध्या पर छठवर्ती छठ घाटों पर जा कर अपने अपने पूजा पाठ के लिए घाट बांधते है उसी जगह पह्हर संध्या एवं सुबह कर अर्ग दिया जाता है, छठ पूजा में खरना महाप्रसाद का बड़ा ही महत्व है लोग एक दूसरे के घर घर जा कर इस महाप्रसाद को ग्रहण करते हैं, जिस प्रसाद को लेने की होड़ लगी रहती है। वही लोहरदगा जिले कई घाटों में जैसे कोयल नदी भक्सो,कोयल नदी सेरेंगहातु,शंख नदी, ठकुराइन तालाब तथा छोटे बड़े सभी घाटों पर अर्ग्य दिया जाना है सुरक्षा व्यवस्था के बात की जाय तो खरना शाम से ही सुरक्षा के विशेष ध्यान दिया गया है और बताते चले कि संध्या काल के दौरान अर्ग्य का समय 5 बजकर 5 मिनट पर निर्धारित किया गया है, तथा प्रातःअर्ग्य 6 बजकर 08 मिनट पर दिया जाना है।

सभ्यता एवं संस्कृति ही आदिवासियों की पहचान है : सुखदेव भगत

सलगी रोचो महुआ टोली में स्वर्गीय कार्तिक उरांव सोहराय जतरा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : प्रखंड के अंतर्गत रोचो छापर महुआ टोली सलगी में स्वर्गीय कार्तिक उरांव सोहराय जतरा का आयोजन किया गया। इस जतरा में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सुखदेव भगत का जतरा स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। जतरा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि हमारे पुरखों ने एक उद्देश्य से जतरा लगाने की परंपरा प्रारंभ की थी। जतरा के माध्यम से समाज के लोगों का मिलन होता है जिससे समाज में मजबूती आती है आपसी भाईचारगी बढ़ती है रिश्तो का आदान-प्रदान होता है साथ ही साथ आदिवासियों के रीति-रिवाज परंपरा को अगली पीढ़ी और बेहतर ढंग से आगे बढ़ाते रहे यही सोच के साथ जतरा का आयोजन प्रारंभ किया गया था। श्री भगत ने कहा की जतरा में आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई देती है लोग अपने पूर्वजों की बनाई गई परंपरा को ताजा करते हैं। हमारी सभ्यता संस्कृति और हमारी परंपरा को बरकरार रखने के लिए युवा पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है। श्री भगत ने कहा की सभ्यता एवं संस्कृति ही आदिवासियों की पहचान है। श्री भगत ने भव्य जतरा आयोजन करने के लिए आयोजन समिति का आभार प्रकट किये। मौके पर कार्यक्रम में आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव, कुडू प्रमुख मुन्नी देवी, लोहरदगा विधान सभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, अमित उरांव, सुमित्रा उरांव, बिंदेश लकड़ा, मनीष शर्मा, सुरेश उरांव, विनय लकड़ा, सतीश उरांव, सुखराम उरांव, लच्छू उरांव, विज्ञान उरांव, सिकंदर उरांव, प्रदीप उरांव, बबलू उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरसई : केरसई प्रखंड मुख्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पूरे देश के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम की सुरुवात की गई। उसी कार्यक्रम के निमित्त प्रखंड मुख्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित की गई जहाँ पर उपस्थित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया साथ ही उपस्थित लोगों द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान का शपथ ग्रहण किया गया।इस दौरान उज्ज्वला योजना आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभुकों को गैस सिलेंडर एवं आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।साथ ही मनरेगा उज्वला गैस योजना मुद्रा लोन स्वच्छ भारत योजना शौचालय निर्माण पीएम आवास योजना समेत कई योजनाओं के लाभुकों को आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा किया गया एवं केंद्र सरकार एवं मोदी जी के प्रति लोगों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई एवं स्टाल लगाए गए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बताया एवं इसका लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। प्रमुख तरण भोय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर ग्रामीणों के लिए जागरूकता हेतु कैंप का आयोजन किया जाता है जिसमें सरकार के सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिलता है इसका लाभ उठाना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है की गांव के अंतिम छोर पर खड़े जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले ताकि विकसित भारत बनाने के लक्ष्य में वह साथ होकर चलें इसे लेकर प्रधानमंत्री जी ने खूंटी से पूरे देश भर के लिए हमारा संकल्प विकसित भारत का संकल्प लिया है आने वाले दिनों में गांव स्तर तक जाकर लोगों को सरकारी योजनाएं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर जीप सदस्य प्रेमा बाड़ा एवं विधायक प्रतिनिधि मुंश खेस बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर सोरेंग ने भी अपने विचार रखकर लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने का आवाहन किया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विविध

रांची, रविवार, 19 नवंबर 2023 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

छठ व्रतधारियों को दर्शन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी : मिश्रा

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने छठ महापर्व 2023 की तैयारी की जानकारी दी । मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के द्वारा कोलकाता के कारीगरों के द्वारा आकर्षक पुष्प एवं विद्युत सज्जा कराई गई है । मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा विशेष तौर पर बड़ा तालाब एवं तालाब के आसपास साफ-सफाई कराई जा रही है । मिश्रा ने बताया की बड़ा तालाब स्थित सुर्य मंदिर में समिति के द्वारा आकर्षक पुष्प सज्जा कराई जा रही है एवं सभी छठ व्रतधारियों को दर्शन में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो इसलिए समिति के सदस्य सेवा देने के लिए तैयार है । मिश्रा ने सभी छठ व्रतधारियो को आमंत्रित किया एवं कहा कि स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति राँची आप सभी की सेवा के लिए तत्पर है । छठ महापर्व को सफल बनाने में स्टूडेंट फेडरेशन छठ पूजा समिति बड़ा तालाब राँची के रमेश केडिया , बंटी सिंह , दीपू गाड़ी , राहुल सिन्हा चंकी , विशाल मिश्रा , मो नफीस ,मो परवेज सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य सेवा कार्य मे लगे हुए है।

181 छठ व्रतियों को निशुल्क छठ पूजन की सामग्री दी गई

रांची: हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदुस्तानी क्लब स्टेशन रोड चुटिया रांची के अध्यक्ष विक्की सिंह के सौजन्य से 181 छठ व्रतियों को जो आर्थिक रूप से कमजोर है निशुल्क छठ पूजन की संपूर्ण सामग्री जिसमें सूप, साड़ी धोती दूध के लिए नगद राशि एवं छठ पूजा के उपयोग हेतु पूजन की संपूर्ण सामग्री का वितरण किया गया। इस वर्ष भी चुटिया, ओवरब्रिज,कृष्णापुरी, द्वारिकापुरी, नायक टोली, एवं नामकुम के इलाकों की बहनों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया है । जिसमें मुख्य अतिथि रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ , झारखंड सरकार में मंत्री रहे राँची के विधायक सी पी सिंह , रांची महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह , राँची महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोज मिश्रा , गुरविंदर सिंह सेठी , मदन सिंह , मुनचुन राय , डॉ राकेश सिंह , डॉ. रवि प्रेमचंद काछेला , वार्ड नंबर 14 के पूर्व पार्षद विजय साहू जी चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश , अविचल सिंह ,विवेक वर्णवाल ,जनार्दन साह , मुन्ना सिंह , राजेश सिन्हा , प्रमोद राय रेनू सिंह हर हर महादेव समेत समस्त समाजसेवी मौजूद थे।

जायसवाल टिंबर के नए प्रतिष्ठान में छठव्रतियों के बीच बांटा गया सुखी आम की लकड़ी

आम के हरे पेड़ से प्रदूषण मुक्त होता है ब्रह्मांड : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : जिले के डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने शनिवार को शहर के रांची रोड रेडमा दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के निकट जायसवाल टिंबर के नए प्रतिष्ठान परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल व जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ संयुक्तरूप से छठ व्रतियों के बीच आम की सुखी लकड़ियां वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डीएफओ श्री शुक्ला ने छठ व्रतियों के बीच सुखी हुई आम की लकड़ी प्रदान करते हुए कहा कि पवित्रता व शुद्धता का इस महान पर्व के बेला पर व्रतियों को मदद करना न सिर्फ उत्कृष्ट समाज सेवाभाव को प्रदर्शित करता है बल्कि मानव जीवन में इससे बड़ा पुण्य का काम और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने पिछले 30 वर्षों से जयसवाल टिंबर की ओर से किये जा रहे इस पुनीत कार्य की काफी सराहना की। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल किशोर जायसवाल ने आम की लकड़ियों को दान करते हुए कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा वक्त आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी ज्यादा कीमत आम की लकड़ी को देना होगा। क्योंकि आम का हरा पेड़ से

धरती और आम का सूखा पेड़ जलाने से ब्राह्मणड तक प्रदूषण मुक्त होता है जायसवाल टिंबर ने शहरवासियों को पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा के खीर भोजन तक दो से तीन ट्रक प्रति वर्ष आम की सूखी लकड़ियां दान करते आ रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी जन्म भूमि छतरपुर के ग्राम डाली बाजार में पूजा सामग्री के साथ व्रतियों को साड़ी -धोती पूर्वजों से दान करते आ रहे हैं । जायसवाल टिम्बर के प्रोपराइटर अरुण कुमार , जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल का मानना है कि गरीब से गरीब लोग छठ पूजा करें उन्हें इस अवसर पर आम की लकड़ी महंगे दामों पर ना खरीदना पड़े। इसी उद्देश्य से पूजा को लेकर उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से सुखी हुई आम की लकड़ी खरीद कर पर्व के लिए इकट्ठा किया जाता है । उसे ही छठ पूजा में व्रतियों के बीच वितरण किया जाता है। इस कार्य की पूरी जिम्मेवारी जायसवाल टिंबर के प्रो0 अरुण कुमार जायसवाल एवं छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को दिया गया है । छठव्रतियों के बीच आम की लकड़ियां वितरित करने में बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल प्रसाद, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, अमरेंद्र कुमार की भूमिका भी सराहनीय रही। मौके पर मिठ्ठू सिंह, शालीवाहन, आयुष, विकास, गौतम, पीयूष, अभिषेक समेत कई गणमान्य लोग व छठ व्रती उपस्थित थे।

रांची में छठ महापर्व को लेकर भारी माल वाहक वाहनों का प्रवेश शहर में रहेगा वर्जित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची शहर में छठ महापर्व को लेकर भारी माल वाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। एसपी ट्रैफिक कुमार गौरव ने बताया कि 19 नवम्बर को सुबह आठ बजे से रात 11 बजे और 20 नवम्बर को सुबह दो बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश पर रोक रहेगा। मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालन कर सकेंगे।

इन स्थानों पर होगी पार्किंग

-रणधीर वर्मा चौक हटनिया तालाब जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन को नगर निगम पार्क के सामने पार्किंग करेंगे।

-एसएसपी आवास से हटनिया तालाब जाने वाले व्यक्ति रोड किनारे अपने वाहन को पार्क करेंगे।

- जाकिर हुसैन से हटनिया तालाब जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन नागबाबा खटाल और रोड किनारे पार्क करेंगे।

-राम मंदिर से कांके डैम जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन को सीएमपीडीआई गांधी नगर और रॉक गार्डेन में पार्क करेंगे।

-शालीमार बाजार से छठ तालाब जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन को शलीमार बाजार के पास पार्क करेंगे।

- सर्जना चौक से बड़ा तालाब जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन को सर्जना चौक और फिरायालाल में बने पार्किंग में पार्क करेंगे।

-चुटिया से स्वर्णरेखा नदी जाने वाले व्यक्ति अपने वाहन सरस्वती शिशु मंदिर के बगल में पार्क करेंगे।

आस्था का महापर्व है छठ : अविनाश देव

*** जेएमएम के युवा नेता अविनाश देव ने छठ व्रतियों के बीच किया पूजन सामग्री का वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर: लोकआस्था का महापर्व छठ जो खास कर हिंदी पट्टी में जनभावनाओं से जुड़ा हुआ त्योहार है।

दुनिया के किसी कोने में भारतीय बसे हों पर छठ वहां भी करना नहीं छोड़ते। किंतु छठ में विशेष तौर पर अपने वतन की ओर रुख जरूर करते हैं। शास्त्रों ग्रंथो में छठ की महिमा बताई गई है लेकिन यह महापर्व सूर्य उपासना की है। इसीलिए चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व के परवैतीन को झारखंड माटीकला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय पुराना को - ऑपरेटिव बिल्डिंग

में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू के कार्यकर्ताओं के साथ सूर्य उपासना का प्रसाद फलहार एवं मिट्टी के ढकना का वितरण किए।

इस मौके पर खास तौर से शोभा प्रजापति,मनीष प्रजापति,पप्पू उर्फ राहुल,प्रदीप जी,भुनेश जी,मदन जी और अनिल चंद्रवंशी की गरिमामई उपस्थिति रही।

भागवत कथा को सफल बनाने में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने झोंक दी है अपनी पूरी ताकत

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) : राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वाधान में 21 नवंबर से शुरू होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह परमपूज्य शांतिदूत देवकीनन्दन ठाकुर जी महाराज के भागवत कथा की तैयारी अंतिम चरण में है। महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पांडेय यज्ञस्थल पर कैंप कर स्वयं पूरे आयोजन को अंतिम रुप देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

वहीं महायज्ञ समिति की युवा टीम आशुतोष पांडेय उर्फ लक्की, आशीष भारद्वाज, प्रदीप दूबे, चंदन तिवारी, विकास दूबे, आनंद प्रकाश दूबे, चंदन आरके, विशाल पांडेय, दिलीप तिवारी, बिट्टू दूबे, बिक्कू शुक्ला, तुषार दुबे,गोलू दूबे, गोपाल पांडेय, आशीष दूबे, छोटू त्रिपाठी, गोरख पाठक सहित कई सदस्य लगातार मेहनत कर शहर को सजाने व संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, महासचिव शैलेश दूबे, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनील दूबे, सोशल मीडिया प्रभारी सुशील तिवारी सहित महायज्ञ समिति के कई पदाधिकारी इस आयोजन को भव्यता देने के लिए लगातार सक्रिय हैं। वहीं महायज्ञ समिति के संरक्षक कृष्ण कांत चौबे व उपाध्यक्ष संजय मिश्रा यज्ञस्थल को सजाने संवारने में लगे हुए हैं।जबकि महायज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय यज्ञस्थल पर पहुँच रहे संत महात्माओं की सेवा में लगे हुए हैं। पूरे यज्ञस्थल परिसर को सजाने व संवारने की जिम्मेदारी को महायज्ञ समिति के सह कोषाध्यक्ष सुनील पांडेय, संजय पांडेय व सतीश पांडेय बखूबी निभा रहे हैं। बबलू पांडेय, वीरमणी तिवारी, शंभु सिंह भी लगातार सक्रिय हैं। महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला व अजीत पाठक अपनी जिम्मेदारी को निभाने में लगे हुए हैं। महायज्ञ समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य मनु प्रसाद तिवारी, प्रवीण सिंह, दुर्गा जौहरी, अविनाश देव, सोनु सिंह नामधारी, ललन सिन्हा, नवीन तिवारी सहित महायज्ञ समिति के कार्यकारणी सदस्य राजकुमार गुप्ता, नवीन प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, धीरेन्द्र पांडेय, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी,भोला पांडेय (सभी निर्वतमान वार्ड आयुक्त) आयोजन में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

बता दें कि मेदिनीनगर में इंटरनेशनल कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर का भागवत कथा आयोजित है।

छठवर्तियों के बीच हुआ पूजन सामग्री का वितरण

रांची । हेसल निकट जतरा मैदान नॉर्थ, पिस्का मोड़,हनुमान मंदिर रोड, पांडेय निवास में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो में चढ़ बढ़कर भाग लेने वाले समाजसेवी मनमोहन पांडेय द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ के शुभ अवसर पर 201 जरूरतमंद छठवर्तियों के बीच सूप, छठ पूजा सामग्री, फल , वस्त्र, घी इत्यादि का वितरण किया गया। इस मौके पर जगदीश सिंह जग्गू,शैलेश्वर दयाल सिंह, सुनील सिंह, पूर्व पार्षद अशोक यादव, बिरेंद्र प्रसाद,नंदकिशोर सिंह चंदेल, उत्तम यादव,निशांत जयसवाल, गौरव जयसवाल, राहुल पाण्डेय, अमित शर्मा, गुडडू सहाय, संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार यादव, अभिषेक आनंद, शुभम कुमार, अंकित कुमार आदि ने छठ पूजा सामग्री वितरण में सहयोग किया।

राजस्थान में कांग्रेस को मिलेगा पूर्ण बहुमत : जयराम रमेश

एजेंसी

बीकानेर : पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को बीकानेर में कहा कि आगामी 25 नवम्बर को विधानसभा चुनाव में यहां की जनता सरकार के काम से इतना खुश है कि बीजेपी को लाल बत्ती दिखा देगी। इस चुनाव में बीजेपी के पास कोई मुद्दा नही है। उन्होंने कहा कि नई शक्ति, एकजुटता की भावना को लेकर कांग्रेस प्रचार कर रही है, पूर्ण विश्वास है स्पष्ट बहुमत मिलेगा कांग्रेस को। पत्रकार सम्मेलन में जयराम रमेश ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी, पूर्व विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यशपाल गहलोत, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त मदनगोपाल मेघवाल, देहात बीजेपी अध्यक्ष बिश्नाराम सियाग की मौजूदगी में कहा कि राजस्थान में रुझान कांग्रेस की तरफ है और जनादेश कांग्रेस को ही मिलेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। कांग्रेस हाथ के सिम्बल पर चुनाव लड़

रही है और मुख्यमंत्री का चुनाव विधायक करेंगे। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का असर बेंगलूरु में देखने को मिला जब संगठन में एकजुटता आयी, एकता की भावना पैदा हुई और वहां कांग्रेस की सरकार बनी। ठीक ऐसे ही छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान में भी किसी भी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं है और विधानसभा चुनाव में निर्णायक जनादेश कांग्रेस के पक्ष में रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि बीजेपी की ओर से वर्तमान में प्रचार के तीन हथियार है पहला ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स, दूसरा हथियार ध्रुवीकरण के माध्यम से पीएम, गृहमंत्री अपने भाषण में समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, भय फैला रहे हैं जिसके तहत हरियाणा में दंगे फैलाया गया। वहीं बीजेपी का प्रचार का तीसरा हथियार जो प्रभावशाली है प्रधानमंत्री के नाम पर झूठ। बीजेपी के खून में है झूठ बोलना, गलत इलजाम लगाना, बेबुनियादी बातें करना। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पत्रकार सम्मेलन में पिछले पांच वर्ष की अशोक गहलोत सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि शहरी रोजगार गारंटी कानून पूरे देश में राज्य में लागू किया गया, ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करना, चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना भी बहुत बढ़िया स्कीम्स, किसानों का कर्जा माफ करना प्रमुख है। वे बार-बार यही बोले कि जनकल्याणकारी योजनाओं से कांग्रेस पुन: सरकार बनाएगी।

गिरी हुई है कांग्रेस की सोच : पीएम मोदी

एजेंसी

जयपुर : राजस्थान विधानसभा चुनाव में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग खुद को जादूगर कहते हैं। उन्हें अब जनता कह रही है 3 दिसंबर कांग्रेस छू-मंतर। बता दें कि राज्य की सभी 200 विधासभा सीटों के लिए चुनाव का आयोजन एक ही चरण में 25 नवंबर को किया जाएगा। इस बीच राज्य में जमकर चुनाव प्रचार किया जा रहा है। सत्ताधारी कांग्रेस हो या फिर बीजेपी समेत दूसरी पार्टियां सभी फुल एक्शन मोड पर हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राज्य में जीत का दावा कर रही है।कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में बीते पांच वर्ष में हुआ क्या? यहां की बर्बादी के पीछे कौन है? कांग्रेस ने राजस्थान को गरीबी, अपराध और दंगों में अग्रणी बना दिया है। उन्होंने कहा कि जनता कह रही है जादूगर जी को नहीं मिले वोट जी। कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि आम जनता के जान माल की सुरक्षा करे लेकिन बीते पांच वर्षो में दलितों और महिलाओं पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुआ। हनुमान जयंती हो या होली कोई भी त्यौहार शांति से नहीं मना पाए। कर्फ्यू, दंगे यही सब चलता रहा। कांग्रेस जहां भी आती है बर्बादी लाती है। वहां आतंकवाद और गुंडागर्दी, अपराध बेलगाम हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण ही सब कुछ है। जनता के जीवन को दांव पर लगाकर भी कांग्रेस तुष्टिकरण करती है।पीएम मोदी ने अपनी जनसभा में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी हमला किया। अशोक गहलोत को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि जो मुख्यमंत्री कहे कि महिलाएं रेप के फर्जी मामले दर्ज करवाती हैं, वो क्या महिलाओं की सुरक्षा करेगा। ये कांग्रेस के नेताओं को हो क्या गया है... ऐसे जादूगर को क्या एक मिनट भी कुर्सी पर रहने का हक है क्या? अब उनकी विदाई होनी चाहिए की नहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लेकर कांग्रेस की सोच कितनी गिरी हुई है, ये उनके बयान से पता चलता है। आगे पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक मंत्री ने कहा कि रेप इसलिए हो रहा क्योंकि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। कांग्रेस के नेताओं को ऐसी सोच के लिए डूब मरना चाहिए। यहां के मर्द बहन-बेटियों की इज्जत को बचाने के लिए पीछे नहीं हटते। कांग्रेस के जादूगर के प्रिय मंत्री को ऐसे बयान के लिए शर्म आनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज बुंडू सूर्य मंदिर में देंगे अर्घ्य

रांची : रांची के बुंडू स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में छठ महापर्व को लेकर तैयारी कर ली गई है। संस्कृति विहार के संयोजक प्रमोद कुमार ने शनिवार को बताया कि 19 नवम्बर को केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व्रतियों के साथ अर्घ्यदान कर देश और प्रदेश के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। उन्होंने बताया कि छठपूजा की तैयारी को लेकर पुलिस-प्रशासन के साथ शिव शक्ति क्लब एवं स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। मंदिर परिसर से लेकर सूर्य सरोवर तक की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, भक्तों के रात्रि विश्राम के लिए आवास और अन्य व्यवस्थाएं अपने अंतिम चरण में हैं। छठघाट पर भक्तों को सुविधा के लिए टोकन की व्यवस्था की गई है।

विश्व कप फाइनल मैच में 500 कलाकारों के साथ परफॉर्म करेंगे प्रीतम

एजेंसी

अहमदाबाद: देश में वर्ल्ड केकप क्रिकेट का खुमार अपने चरम पर जा पहुंचा है। मैच देखने के लिए देश-दुनिया के फैंस फ्लाइट और होटल की बुकिंग के लिए टूट पड़े हैं। अहमदाबाद और उसके निकटवर्ती शहरों के फाइव स्टार, थ्री स्टार और अन्य होटल के रूम की डिमांड आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप पाइव स्टार होटल का किराया 10-12 हजार के बजाय तीन लाख रुपये तक पहुंच गया है। अहमदाबाद, प्रयागराज, मुंबई समेत देश के कई इलाकों में भारत की जीत के लिए प्रर्थानाएं हो रही हैं। रेलवे ने दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद तक के लिए स्टेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। आयोजन को यादगार बनाने के लिए मैच से पहले और बाद में कई आकर्षण दर्शकों को रोमांचित करेंगे।

एयर शो का होगा आयोजन

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 02 बजे से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप का फाइनल मैच खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस रोमांचक मुकाबले को खास बनाने के लिए आईसीसी और बीसीसीआई दोनों ने मिलकर विशेष तैयारी की है। वर्ल्ड कप फाइनल से पूर्व

वायु सेना के सूर्यकिरण की एरोबेटिक टीम की ओर से एयर शो किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार और शुक्रवार को वायुसेना के विमानों ने इसका पूर्वाभ्यास किया। मैच में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के अलावा 100 से अधिक वीवीआईपी अमदाबाद के मेहमान बनेंगे। बॉलीवुड के म्यूजिक कम्पोजर प्रीतम 500 कलाकारों के ग्रुप के साथ परफॉर्म करेंगे।

रंगीन रोशनी से रौशन होगा आसमान

अधिकारियों के मुताबिक मैच पूर्ण होने के बाद आसमान रंगीन रोशनी से नहा उठेगा, इसके लिए आतिशबाजी की विशेष तैयारी की गई है। इसके अलावा 1200 ड्रोन के जरिए खास ड्रोन शो किया जाएगा। इसमें एरियल शो में विजेता की टीम शामिल होगी। वर्ल्ड कप फाइनल में भव्य लेजर शो के लिए यूके के लेजर शो प्रोडक्शन कंपनी को साथ शामिल किया गया है। मैच पूर्ण होने के बाद वर्ल्ड चैम्पियन टीम के नाम समेत वर्ल्ड कप ट्रॉफी समेत कलाकृति ड्रोन के जरिए दिखाया जाएगा।

दिन के 12.30 बजे एयर शो

वायुसेना के सूर्यकिरण विमानों के जरिए एयर शो का आयोजन किया जाएगा। शाम 5.30 बजे से हाई टाइम परफॉर्मेंस के तहत आईसीसी सभी विश्व कप के पूर्व विजेताओं के कैप्टेंस की परेड कराएगी। वे अपनी पुरानी यादों को भी लोगों के समक्ष पेश करेंगे। संगीतकार प्रीतम और 500 कलाकारों का भव्य परफॉर्मेंस होगा। वे सभी मैदान का 360 डिग्री चक्कर लगाकर विभिन्न गीतों पर प्रस्तुति देंगे। रात 8.30 बजे ड्रिंक्स ब्रेक होगा। इस दौरान 90 सेकेंड का लेजर शो होगा। मैच के बाद विश्व विजेता को ट्रॉफी एनायत किया जाएगा। इस दौरान 1200 ड्रोंस के साथ विशेष शो आयोजित होगा। इसके बाद यदि भारतीय टीम विश्व विजेता बनती है तो अहमदाबाद में भव्य रोड शो किया जाएगा। यह संभवत: रिवरफ्रंट में होगा।